page 1_Layout 1 05-09-2026 19:59 Page 1

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज भारती

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » रविवार , 6 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :134 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

चंडीगढ़ में सीएम आवास के बाहर एमपी हरसिमरत कौर बादल ने दी गिरफ्तार; अकाली दल की हज़ारों महिला विंग की कार्यकर्ताओं ने 'सत्कार नहीं बलात्कार' विरोध प्रदर्शन में लिया हिस्सा



बीबा हरसिमरत कौर बादल ने सल्फास लहराते हुए मुख्यमंत्री मान को सच्चाई सामने लाने की चुनौती देते हुए कहा,'आपने कहा था कि आप भ्रष्टाचार का एक भी रूपये की अनुमति देने से पहले जहर खा लेंगें–अब क्या हुआ?''





डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल की अगुवाई में स्त्री अकाली दल की हजारों महिलाओं ने आज मुख्यमंत्री भगवंत मान के तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए उनके आवास तक मार्च किया और दो बलात्कार पीड़ितों की 'इज्जत' नीलाम करने के आरोप में उनकी पत्नी गुरप्रीत कौर मान के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।

पुलिस ने बठिंडा सांसद, विधायक गनीव कौर और महिला विंग की प्रधान बीबी हरगोबिंद कौर की अगुवाई में स्त्री अकाली दल की सदस्यों को मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने से रोकने के लिए पुलिस ने के ी सुरक्षा वाले बैरिकेडस लगाए, जिसके बाद उन्होने से क पर धरना दिया और गिरफ्तारियां दी। वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के बाद 'गुरु दोखी भगवंत मान मुर्दाबाद' और 'जीजा-साली दी जो ी-5 करो ी' के नारे लगाते हुए महिलाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

महिलाओं को संबोधित करते हुए बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय भ्रष्टाचार का अडडा बन गया है और उनकी पत्नी ऐसे दरिंदे को छो ने के लिए करो ों रूपये मांग रही हैं,जिसके खिलाफ दो महिलाओं ने बलात्कार और अपहरण का मामला दर्ज कराया है। उन्होने कहा कि हाल ही के ऑडियो और विजुअल साक्ष्यों से पता चला है कि कैसे गुरप्रीत कौर मान के बहनोई ने आरोपी बलात्कारी और मीडिया इन्फ्लुएंसर गुरी चहल के एक सहयोगी के साथ पांच करो रूपये का सौदा किया था। उन्होने कहा,'' सभी ने देखा कि कैसे गुरप्रीत मान के रिश्तेदार अमरदीप ग्रेवाल ने मुख्यमंत्री की पत्नी के साथ एक रेस्तरां में बैठे हुए दरिंद के सहयोगी के साथ बातचीत की और यहां तक कि अपनी साख स्थापित करने के लिए उसकी एक तस्वीर भी सांझा की। यह दावा करते हुए कि आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब की'मावां धीयां' के 'सत्कार' में विश्वास नही करती है, बल्कि 'बलात्कारी' को बचाने में भागीदारी बन गई है।

उन्होंने कहा,'' अपराधी को अमृतसर जेल से पटियाला जेल में तबादला करने का वादा किया गया था और यहां तक कि उसे एक अस्पताल में भर्ती कराने का भी आश्वासन दिया गया, जहां उसे मुफ्त में ड्रग्ज की आपूर्ति की जाएगी। हमने यह भी देखा कि कैसे मुख्यमंत्री की पत्नी के साथ सौदा होने के दो महीने के भीतर ही उसे रिहा कर दिया गया और उसे अमेरिका भागने की अनुमति भी दे दी गई।'' 'सल्फास' की गोलियों का एक पैकेट लहराते हुए बठिंडा की सांसद ने साहसपूर्वक भगवंत मान से अपना रूख साफ करने के लिए कहा कि वह भ्रष्टाचार के एक रूपये बजाय यां अपने परिवार के सदस्यों को छूने देने के बजाय वह जहर खाना पसंद करेंगें। उन्होने जोर देकर कहा कि जब तक गुरप्रीत कौर मान को गिरफ्तार नही किया जाता, तब तक अकाली दल राज्य भर में जन आंदोलन चलाएगा। उन्होंने मामले में अन्य सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के अलावा उन पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की, जिन्होने बलात्कार के आरोपी की जेल से रिहाई आसान बनाने के लिए रिपोर्ट रदद करने की फाइल दाखिल की थी।

पहली बार 'खेडां वतन पंजाब दियां' के चौथे सीज़न में शामिल हुआ कॉस्को क्रिकेट: मीत हेयर

मान सरकार का 'खेडां वतन पंजाब दियां' हर गांव और वार्ड तक खेल पहुंचाकर पंजाब की खेल संस्कृति को फिर से जीवित कर रहा है: मीत हेयर

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़, (हेमन्त मित्तल) : आम आदमी पार्टी (क्र) के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने शनिवार को %खेडां वतन पंजाब दियां% के चौथे सीज़न के बारे में जानकारी दी और बताया कि इस बार इस बड़े खेल आयोजन में पहली बार कॉस्को क्रिकेट को शामिल किया गया है। पंजाब भर के क्रिकेट प्रेमियों को बधाई देते हुए मीत हेयर ने कहा कि %खेडां वतन पंजाब दियां% में क्रिकेट को शामिल करने की लगातार मांग हो रही थी। इस मांग को पूरा करते हुए, मान सरकार ने चौथे सीज़न में कॉस्को क्रिकेट को शामिल किया है, जिससे क्रिकेट प्रेमियों, खासकर गांवों और शहरों में खेलने वालों को राज्य के इस प्रमुख खेल आयोजन में भाग लेने का मौका मिलेगा।

मीत हेयर ने कहा, क्रिकेट प्रेमी मांग कर रहे थे कि इस बार 'खेडां वतन पंजाब दियां' में क्रिकेट को शामिल किया जाए। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि इस साल पहली बार कॉस्को क्रिकेट को इसमें शामिल किया गया है। मैं इसके लिए पंजाब के सभी क्रिकेट प्रेमियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि गांव के स्तर पर टीमें बनाई जा सकती हैं, जबकि शहरों में रहने वाले लोग भी वार्ड स्तर पर टीमें बनाकर खेलों में भाग ले सकते हैं। उन्होंने क्रिकेट प्रेमियों से



बड़ी संख्या में आगे आने और प्रतियोगिता के लिए अपनी टीमें रजिस्टर करने का आग्रह किया। मीत हेयर ने बताया कि भाग लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पंजाब खेल विभाग की आधिकारिक वेबसाइट sports.punjab.gov.in के माध्यम से 10 सितंबर तक किया जा सकता है। उन्होंने खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों से जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन पूरा करने और अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा, इसका मकसद सिर्फ प्रतियोगिताएं आयोजित करना नहीं है, बल्कि पंजाब की खेल संस्कृति को फिर से जीवित करना और उसे और मजबूत बनाना है। मैं क्रिकेट प्रेमियों से अपील करता हूं कि वे अपने गांव या वार्ड की टीमें बनाएं और बड़ी संख्या में भाग लें। मीत हेयर ने कहा कि 'खेडां वतन पंजाब दियां' मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पंजाब के लोगों, खासकर युवाओं को खेलों से फिर से जोड़ना और पूरे राज्य में एक मजबूत खेल संस्कृति का निर्माण करना है। उन्होंने गांवों और शहरों की क्रिकेट टीमों को अच्छी तैयारी करने और पूरे जोश के साथ मुकाबला करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि उनकी टीमें पंजाब की बेहतरीन टीमों में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि कॉस्को क्रिकेट को शामिल करने से ज़मीनी स्तर के क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राज्य-स्तरीय खेल आयोजन में भाग लेने का एक नया मंच मिलेगा, जिससे पूरे पंजाब में खेलों में सामुदायिक भागीदारी की संस्कृति और मज़बूत होगी।

50 अमेरिकी फौजी अफसरों का पॉलीग्राफ टेस्ट : ईरान जंग की सीक्रेट जानकारी लीक करने का शक

डेली आवाज भारती

अमेरिका में ईरान युद्ध से जुड़ी सीक्रेट जानकारी लीक होने की जांच तेज हो गई है। यह पता लगाने के लिए कि जानकारी किसने मीडिया तक पहुंचाई, पेंटागन ने करीब 50 सैन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया है। टेस्ट के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने ईरान युद्ध से जुड़ी सीक्रेट जानकारी मीडिया से जुड़े लोगों को दी थी। उनसे यह भी पूछा गया कि क्या उन्होंने अमेरिका के हथियारों और गोला-बारूद के घटते भंडार से जुड़ी कोई जानकारी बाहर साझा की थी। पॉलीग्राफ को आम भाषा में झूठ पकड़ने वाला

हथियारों की कमी दुनिया के सामने आई



टेस्ट कहा जाता है। इसमें धड़कन, सांस और पसीने जैसे बदलावों को रिकॉर्ड कर सच-झूठ का पता लगाया जाता है। यह कार्रवाई अगस्त में आई उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद हुई, जिनमें बताया गया था कि ईरान के साथ युद्ध के दौरान अमेरिका के कुछ जरूरी हथियारों का भंडार कम हुआ है। इनमें लंबी दूरी की मिसाइलें और पैट्रियट मिसाइल इंटरसेप्टर भी शामिल थे। जॉइंट स्टाफ में करीब 1,500 से 2,000 अधिकारी और कर्मचारी काम करते हैं। यह अमेरिकी सैन्य नेतृत्व के लिए दुनियाभर में चल रहे सैन्य अभियानों, नीतियों और युद्ध की योजनाओं के बीच तालमेल बनाने वाली प्रमुख संस्था है। 50 सैन्य अधिकारियों का टेस्ट कराया जाना असामान्य माना जा रहा है। जांच से जुड़े जानकारों के मुताबिक पॉलीग्राफ टेस्ट का मकसद सिर्फ यह पता लगाना नहीं था कि सीक्रेट जानकारी किसने लीक की। इससे दूसरे अधिकारियों और कर्मचारियों को भी भविष्य में ऐसी जानकारी मीडिया तक पहुंचाने से रोकने का मैसेज दिया गया।

अकाली दल के कार्यालय में बुज़ुर्ग दलित महिला के साथ मारपीट के खिलाफ आप महिला विंग ने समराला में किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/समराला,सुकून महाजन : शिरोमणि अकाली दल के कार्यालय में एक बुजुर्ग दलित महिला के साथ हुई कथित मारपीट और बेइज्जती के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब महिला विंग ने शनिवार को समराला में एसडीएम कार्यालय के बाहर जिला स्तरीय जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में हजारों महिलाओं ने हिस्सा लिया, जिसकी अगुवाई आप महिला विंग पंजाब की प्रधान और मोगा से विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने की। लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर और कई अन्य महिला नेता भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बादल परिवार और घटना में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल का पुतला भी फूंका और इस घटना पर चुप्पी साधने के लिए सुखबीर सिंह बादल और हरसिमरत कौर बादल के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आप पंजाब महिला विंग की प्रधान डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने कहा, ÷सबने वो परेशान करने वाले वीडियो देखे हैं कि कैसे अकाली दल के कार्यालय के अंदर दूसरी महिलाओं द्वारा एक महिला की पिटाई की गई। महिला ने कथित तौर पर सिर्फ एक बात कही थी कि भगवंत सिंह मान उसके बेटे जैसा है। उसे कथित तौर पर कहा गया था कि यह कार्यालय बादलों का है और अगर उसने वहां भगवंत सिंह मान का नाम लिया तो उसकी पिटाई की जाएगी। यह बेहद शर्मनाक रवैया है। आप पंजाब महिला विंग की प्रधान ने कहा, ÷किसी को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार किसने दिया? चाहे कोई व्यक्ति राजनीतिक रूप से शक्तिशाली हो या न हो, कानून सभी के लिए बराबर है। अगर महिला से कोई असहमति थी तो पुलिस को बुलाना चाहिए था। उसे कार्यालय में बुलाकर उसके साथ मारपीट नहीं करनी चाहिए थी। डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने कहा, ÷महिला को सिर्फ इसलिए पीटा गया क्योंकि उसने भगवंत सिंह मान का नाम लिया था। यह दर्शाता है कि बादलों के मन में भगवंत सिंह मान को लेकर कितना डर और बौखलाहट है। मुख्यमंत्री ने पंजाब के लोगों के लिए लगातार काम किया है और ऐसे काम करके दिखाए हैं जो पारंपरिक पार्टियां दशकों के शासन के दौरान भी करने में नाकाम रहीं।÷ आप विधायक ने आगे कहा कि शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस ने राजनीतिक फायदे के लिए बार-बार बांटो और राज करो की राजनीति की है और पंजाब के सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने ऐसी राजनीति को खारिज कर दिया है और वे महिलाओं की बेइज्जती या धमकियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ÷आप महिला विंग पंजाब की हर महिला के साथ मजबूती से खड़ी है। किसी भी महिला पर हमला, धमकी या बेइज्जती नहीं होनी चाहिए। हम निष्पक्ष जांच और जो भी दोषी पाया जाता है उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं। डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने संबंधित पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और अतिरिक्त उपायुक्त से यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

- **आप पंजाब महिला विंग की प्रधान डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की**
- **राजनीतिक कार्यालय कानून से ऊपर नहीं, दोषियों के खिलाफ हो कानूनी कार्रवाई: डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा***
- **सीएम भगवंत मान का नाम लेने पर बुज़ुर्ग महिला की पिटाई बताती है कि बादल कितने डरे हुए हैं**
- **कोई भी राजनीतिक कार्यालय कानून से ऊपर नहीं, किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नही**
- **अगर अकाली नेता भगवंत सिंह मान का नाम बर्दाश्त नहीं कर सकते, तो उनकी राजनीतिक बौखलाहट नए निचले स्तर पर पहुंच चुकी है**
- **आप महिला विंग हर महिला के साथ खड़ी रहेगी और उनके सम्मान के लिए लड़ेगी, दोषियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई**











CMYK

page 2_Layout 1 05-09-2026 17:51 Page 1

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का शिक्षक दिवस पर बड़ा ऐलानः अगले सत्र से उच्चतर, तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षा के शिक्षकों को भी मिलेगा राज्य शिक्षक पुरस्कार

- पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में 79 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से किया गया सम्मानित
- शिक्षक सिर्फ जानकारी नहीं, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण भी करते हैं
- एआई और रोबोटिक्स के दौर में शिक्षक की भूमिका और अहमः मुख्यमंत्री नायब सैनी
- हरियाणा में शिक्षा बजट बढ़कर 18,538 करोड़ , 250 स्कूल बनेंगे सीएम -ईईई स्कूल : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़,राहुल गोयलः हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से उच्चतर शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और प्रौद्योगिकी शिक्षा से जुड़े शिक्षक भी राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होंगे। वर्तमान में यह पुरस्कार केवल विधालय शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी शिक्षकों को प्रोत्साहित करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह घोषणा शनिवार को पंचकूला में आयोजित राज्य शिक्षक सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए की। समारोह में मुख्यातिथि हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष, राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा भी उपस्थित रहे। इस मौक पर राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 79 शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों को शॉल, मेडल, प्रमाण पत्र, एक-एक लाख रुपये की सम्मान राशि और दो अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हुए कहा की यह समारोह शिक्षा के प्रति आपके समर्पण और कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। उन्होंने कहा की आज महान शिक्षक भारत



के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन भी है, जिन्होंने अपना जन्मदिन शिक्षकों को समर्पित कर दिया। इसीलिए, उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है । वे महान दार्शनिक, आदर्श शिक्षक और कुशल राजनीतिज्ञ थे। मुख्यमंत्री ने कहा की भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान हमेशा ऊपर रहा है। गुरु वह है, जो बच्चों के भीतर छिपी संभावनाओं को पहचानता है। माता-पिता बच्चे को जन्म देते हैं, लेकिन शिक्षक उसके व्यक्तित्व को आकार देता है। वह बच्चे को केवल परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं कराता, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने योग्य बनाता है। नायब सिंह सैनी ने सम्मानित हुए शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा की आप शिक्षकों की भी ऐसी ही कोई कहानी होगी। किसी ने स्कूल छोड़ चुके बच्चे को वापस कक्षा तक पहुंचाया होगा। किसी ने अपनी जेब से विद्यार्थी के लिए किताब खरीदी होगी। किसी ने छुट्टी के बाद पढ़ाई में कमजोर बच्चे को अतिरिक्त समय दिया होगा। किसी ने बेटी के माता-पिता को समझाकर उसकी पढ़ाई जारी रखवाई होगी। किसी ने विज्ञान प्रयोगशाला न होने पर स्थानीय वस्तुओं से मॉडल बनाया होगा; और किसी ने विद्यार्थी की आंखों की उदासी पढ़कर उसे गलत रास्ते पर जाने से बचाया होगा। उन्होंने कहा की पुरस्कार पाने के लिए मंच पर आप भले ही आज आए हैं, लेकिन आपका पुरस्कार उसी दिन तय हो गया था, जिस दिन किसी बच्चे ने आपसे कहा होगा %गुरुजी, आपने मेरा जीवन बदल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा की आज समय तेजी से बदल रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, डिजिटल टेक्नोलॉजी और इंटरनेट ने ज्ञान के अनगिनत द्वार खोल दिए हैं। बच्चे एक क्लिक पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन जानकारी और ज्ञान में अंतर होता है। मशीन सूचना दे सकती है, पर संस्कार नहीं।ढ़ पाठ तैयार कर सकती है, लेकिन किसी निराश बच्चे के कंधे पर हाथ रखकर उसमें विश्वास नहीं जगा सकती। यह कार्य केवल शिक्षक कर सकता है। इसलिए तकनीक के युग में शिक्षक की भूमिका कम नहीं हुई है, बल्कि और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इसी बात को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी समझा। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाकर शिक्षा को रटने की प्रवृति से निकालकर समझ, कौशल, नवाचार और भारतीय मूल्यों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया। अब शिक्षा का लक्ष्य डिग्री के साथ योग्य, आत्मनिर्भर, संवेदनशील और राष्ट्रनिष्ठ नागरिक तैयार करना हो गया है।

शिक्षक दिवस पर 79 शिक्षकों को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़,राहुल गोयल - हरियाणा में शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं असाधारण योगदान देने वाले 79 शिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित शिक्षकों को एक-एक लाख रुपये की नकद राशि, पदक, शॉल तथा दो-दो अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की गई। इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला मित्रा घोष तथा स्कूल शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा भी उपस्थित रहे। शिक्षक केवल ज्ञान नहीं, विवेक और संस्कार भी प्रदान करता है - राज्यपाल समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि का सम्मान नहीं है, बल्कि पूरे शिक्षक समुदाय, शिक्षा व्यवस्था और हरियाणा के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान है। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि शिक्षण केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज निर्माण का सशक्त माध्यम है। शिक्षक दिवस केवल शिक्षकों को बधाई देने का अवसर नहीं, बल्कि शिक्षा के महत्व को स्वीकार करने और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन भी है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा की दुनिया तेजी से बदल रही है। इंटरनेट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से विद्यार्थी कुछ ही क्षणों में दुनिया भर की जानकारी प्राप्त कर सकता है, लेकिन जानकारी और ज्ञान में अंतर है तथा ज्ञान और विवेक में भी अंतर है। तकनीक सूचना दे सकती है, लेकिन शिक्षक विवेक प्रदान करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उत्तर दे सकती है, लेकिन शिक्षक सही प्रश्न पूछना सिखाता है। राज्यपाल ने कहा कि तकनीक के इस युग में शिक्षक की भूमिका कम नहीं हुई है, बल्कि और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। शिक्षा का उद्देश्य केवल सफल व्यक्ति नहीं, अच्छा इंसान बनाना भी है राज्यपाल ने कहा कि आज के शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना और परीक्षा परिणाम देना नहीं है। शिक्षक को ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों के चरित्र का भी निर्माण करना है। उसे विद्यार्थियों में अनुशासन, ईमानदारी, परिश्रम, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करनी है। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि कोई बच्चा आर्थिक अथवा सामाजिक परिस्थितियों के कारण शिक्षा की दौड़ में पीछे न रह जाए। विशेष रूप से बेटियों को समान अवसर प्रदान करना और उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल यह तय करना नहीं होना चाहिए कि बच्चा भविष्य में क्या बनेगा, बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि वह कैसा मनुष्य बनेगा।

बारिश में डूबा विकास मॉडल, कचरे और सीवर की समस्याओं से त्रस्त जनता : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। बारिश के पानी में तैरता दिखाई दे रहा है। देश की राजधानी नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लेकर मिलेनियम सिटी गुरुग्राम और हरियाणा के विभिन्न शहरों तक मामूली बारिश के बाद होने वाला जलभराव सरकारी दावों की वास्तविकता उजागर कर रहा है। शहरों में सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हैं, सीवर व्यवस्था ठप है और लोगों को स्वच्छ पेयसिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार का तथाकथित विकास मॉडलजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा। कुमारी सैलजा ने कहा कि करोड़ों रुपये प्रचार और विज्ञापनों पर खर्च करके विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के दावे किए जाते हैं, लेकिन बारिश होते ही अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तालाब जैसा दिखाई देने लगता है। यात्रियों को पानी के बीच से गुजरना पड़ता है और उड़ानें प्रभावित होती हैं। सरकार बताए कि यह कैसा विकास मॉडल है, जिसमें राजधानी की सड़कें ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भी जलभराव से सुरक्षित नहीं है। सांसद



ने कहा कि वैश्विक शहर और मिलेनियम सिटी कहे जाने वाले गुरुग्राम में मामूली बारिश के बाद प्रमुख सड़कें पानी में डूब जाती हैं। लंबे जाम लगते हैं, वाहन बंद हो जाते हैं और लोगों को घंटों परेशानी उठानी पड़ती है। यही हाल फरीदाबाद, सोनीपत, पानीपत, रोहतक, हिसार, सिरसा, अंबाला, यमुनानगर सहित प्रदेश के अन्य शहरों का है। कहीं सीवर का गंदा पानी गलियों में जमा है तो कहीं कचरे के ढेर बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के सफाई कर्मचारी करीब एक महीने से आंदोलनरत हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं का सम्मानजनक समाधान तलाशने के बजाय टकराव का रास्ता अपना रही है।

राज्यसभा में आश्वासन के बाद भी 24 दिन तक कार्रवाई क्यों नहीं : सैलजा

कुमारी सैलजा ने कहा कि यह दुखद है कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष को सदन के भीतर यह मामला उठाना पड़ा। जिस घटना में तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए थी, उसमें 24 दिन बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सदन में मुद्दा उठने पर सभापति और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की ओर से भी आश्वासन दिया गया था। सरकार बताए कि इसके बाद क्या कार्रवाई हुई और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कदम उठाने में देरी का कारण क्या है। सांसद ने कहा कि इसके विपरीत जब राहुल गांधी ने उत्तराखंड के नौजवानों, विद्यार्थियों और सामाजिक सम्मान से जुड़े मुद्दे उठाए तो भाजपा सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने में जल्दबाजी दिखाई। इससे प्रतीत होता है कि वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाकर समाज को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखंड के लोग ऐसी राजनीति से गुमराह नहीं होंगे। राहुल गांधी की सफल रैली को मिले जनसमर्थन से भाजपा सरकार घबराई हुई है और जनता आने वाले समय में इसका लोकतांत्रिक जवाब देगी।

मोदी के सेवा भाव और जनता के बीच सेतु बनेंगे भाजपा कार्यकर्ता : डॉ. अर्चना गुप्ता

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को व्यापक जनभागीदारी का अभियान बनाया जाएगा। अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा भाव और आमजन के बीच सेतु का काम करेंगे। कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचने के साथ-साथ जरूरतमंद पात्र लोगों को योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ दिलाने में सहयोग करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता शनिवार को सोनीपत स्थित भाजपा जिला कार्यालय 'स्वर्ण कमल' में



सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन केवल पद और दायित्व की यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की निरंतर साधना है। इस सेवा यात्रा और इसके माध्यम से हुए सकारात्मक बदलावों को जन-जन तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे मजबूत कड़ी हैं। वे सरकार की योजनाओं और आमजन की अपेक्षाओं के बीच संवाद का माध्यम बनकर कार्य करेंगे। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि सेवा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लाभार्थी परिवारों से संपर्क करें, उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझें तथा पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में हरसंभव सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगी। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता अपने परिवारों के साथ दीप प्रज्ज्वलित करेंगे और लाभार्थी परिवारों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ेंगे।

प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक जिम्मेदारियां तय की जाएंगी, ताकि अभियान की पहुंच प्रत्येक बूथ और अधिक से अधिक परिवारों तक सुनिश्चित हो सके। डॉ. गुप्ता ने बताया कि 'बच्चों के सपनों का भारत-हमारा आने वाला भारत' कार्यक्रम के तहत बच्चों और युवाओं को अपनी कल्पनाओं एवं विचारों को व्यक्त करने का अवसर दिया जाएगा। स्कूलों में ड्राइंग और भाषण जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से नई पीढ़ी को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का प्रयास होगा। इसी प्रकार 'नमो सेवा गाथा' के माध्यम से नुक्कड़ नाटकों और अन्य रचनात्मक माध्यमों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, जनकल्याणकारी योजनाओं और देश में हुए सकारात्मक बदलावों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। 'आंगन का उत्सव' कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'कहानी बदलाव की' के माध्यम से सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की वास्तविक जीवन की प्रेरक कहानियों को सामने लाया जाएगा। लाभार्थियों की सफलता की कहानियां यह बताने का माध्यम बनेंगी कि जनकल्याणकारी योजनाएं किस प्रकार आम परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

नायब सैनी सरकार की दोहरी नाकामी-कॉलेज खाली, खिलाड़ी बेबस, शिक्षा और खेल दोनों को बर्बाद कर रही भाजपा सरकार : राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। शनिवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा नारनौल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया ने की और इसका आयोजन नारनौल ब्लॉक अध्यक्ष मनपाल यादव द्वारा किया गया । इस अवसर पर राव नरेंद्र सिंह ने दो गंभीर मुद्दों पर राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि नायब सैनी सरकार शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। एक तरफ सरकारी कॉलेजों में हजारों शिक्षण पद खाली पड़े हैं और पढ़ाई अतिथि-एक्सटेंशन लेक्चररों के भरोसे चल रही है, दूसरी तरफ राज्य के मेधावी खिलाड़ियों को



उच्च सेवाओं में नियुक्ति का हक दिलाने के लिए बार-बार अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आरटीआई से खुलासा हुआ है कि प्रदेश के सरकारी डिग्री कॉलेजों में 7,986 स्वीकृत शिक्षण पदों में मात्र 3,354 ही नियमित रूप से भरे हैं, जबकि 4,632 पद खाली पड़े हैं। इन रिक्तियों को ढकने के लिए 2,057 अतिथि या एक्सटेंशन व्याख्याता लगाए गए हैं। वर्ष 2024-25 के वास्तविक कार्यभार के अनुसार 8,572 शिक्षकों की जरूरत है। अंग्रेजी में 792, भूगोल में 508, वाणिज्य में 486, गणित और रसायन विज्ञान में 409-409 पद खाली हैं। पर्यावरण विषय के सभी 22 पद रिक्त हैं। एडिड कॉलेजों में भी 2,831 स्वीकृत पदों में 1,394 खाली हैं और 97 प्राचार्य पदों में 56 रिक्त हैं। सोनीपत सहित नए कॉलेजों में तो स्थिति और भी खराब है।

प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा एवं सुशासन को जन-जन तक पहुंचाएगा 'सेवा संकल्प अभियान' : मुख्यमंत्री सैनी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सफल आयोजन को लेकर राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों, विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन तथा इनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा की गई। इस बैठक में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी तथा आरती सिंह राव एवं राज्यमंत्री गौरव गौतम भी बैठक में उपस्थित रहे। इसके अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यमंत्री राजेश नागर भी बैठक में जुे। बैठक में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव के.एम. पांडुरंग तथा विभाग के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत प्रदेश में प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों, उनकी तैयारियों और प्रभावी क्रियान्वयन की कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिलावार तैयारियों, कार्यक्रमों के समन्वय तथा अभियान की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे प्रबंधों से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।



हर बूथ पर जलेगा 'आशीर्वाद का दीया', लाभार्थियों तक पहुंचेगा अभियान

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान प्रदेश के सभी 23 जिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित परियोजनाओं तथा हरियाणा की प्रमुख विकास परियोजनाओं को चिन्हित कर वहां विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। 17 सितंबर की शाम प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों एवं आमजन के घर जाकर 'आशीर्वाद का दीया' जलाया जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को इस अभियान से जोड़ा जाए और उनके घरों पर दीया जलाकर उनके अनुभवों को सामने लाया जाए। जिला प्रशासन द्वारा इन कार्यक्रमों की वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की जाए तथा संबंधित फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों तथा इनसे लोगों के जीवन में आए बदलाव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विश्वविद्यालयों में सेमिनार आयोजित किए जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर विकास यात्रा से संबंधित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की जाए तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के जीवन में आए बदलाव को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए।

हर जिले में बने लाभार्थियों की सूची, कोई पात्र व्यक्ति न छूटे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि अभियान के दौरान कोई भी लाभार्थी छूटने न पाए। मंत्रीगण, विधायक, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता को भी इस जनजागरण अभियान से जोड़ा जाए।

उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय, व्यायामशालाओं, किसानों के लिए किए गए कार्यों, सड़कों, एक्सप्रेस वे तथा अन्य प्रमुख विकास परियोजनाओं को भी चिन्हित किया जाए, ताकि इन विकास कार्यों को जनता के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि चित्रकला, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाए। सरकारी एवं निजी दोनों स्कूलों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

17 सितंबर से शुरू होगा महीने भर का 'सेवा संकल्प अभियान'

बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक को विकसित भारतङ्ग2047 के संकल्प से जोड़ना है।

अभियान की शुरुआत 17 सितंबर की शाम 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगी। इसके तहत कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जनता और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घर पहुंचेंगे तथा प्रधानमंत्री के प्रति जनता के विश्वास, आभार और देश के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के प्रतीक के रूप में दीया जलाएंगे।

बच्चों की प्रतिभा से दिखेगा विकसित भारत का सपना

17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक स्कूलों में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को वर्ष 2047 के विकसित भारत की अपनी कल्पना और सपनों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिलेगा। श्रेष्ठ चित्रों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर वाला विशेष प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

इसी क्रम में पिछले 25 वर्षों में देश में आए सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव को कला एवं संस्कृति के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिए 'नमो सेवा गाथा' नामक 25 से 30 मिनट का संगीतमय नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। इसे गांव-गांव तक ले जाया जाएगा और 2 अक्टूबर को देश के 100 प्रमुख स्थानों पर इसके विशेष मंचन किए जाएंगे।

आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष उत्सव, लाभार्थियों की जुबानी सामने आएगी बदलाव की कहानी

25 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच आंगनवाड़ी केंद्रों पर तीन दिवसीय विशेष उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं का सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा तथा माताओं को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मिशन इंद्रधनुष सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों के अनुभवों को 'कहानी बदलाव की' के माध्यम से सामने लाया जाएगा। देशभर के लाभार्थियों की प्रेरणादायक कहानियों के छोटे वीडियो एवं रील तैयार कर विकास की वास्तविक तस्वीर लोगों के अनुभवों के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी।

CMYK

page 3_Layout 1 05-09-2026 21:21 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ›› रविवार, 6 सितंबर 2026

नाजायज कॉलोनियां काटकर सरकार और आम लोगों को लगाया जा रहा करोड़ों का चूना

पुडा की कथित ढिलाई के कारण फिरोजपुर इलाके में धड़ाधड़ बढ़ रहीं गैर-मनजूरशुदा कॉलोनियां

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर इलाके में नाजायज तरीके से काटी जा रही कॉलोनियों का मामला गंभीर होता जा रहा है। कथित तौर पर बिना जरूरी मंजूरी और नक्शा पास करवाए कृषि वाली जमीन को कॉलोनियों में बदलकर प्लॉट बेचने का कारोबार जोर-शोर से चल रहा है। इन कॉलोनियों में न तो सडें, सीवरेज, पानी, स्ट्रीट लाइटें और ना ही अन्य बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। इस कारण जहां सरकार को विकास फीसों और अन्य राजस्व का करोड़ों रुपये का नुकसान होने का खतरा है, वहीं प्लॉट खरीदने वाले आम लोग भी भविष्य में बड़ी मुश्किलों में फंस सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि इलाके में ऐसी कॉलोनियों को लेकर चर्चा होने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई ना होने के आरोप लग रहे हैं। कई डीलर भी ऐसे प्रोजेक्टों में पैसा लगाकर अब नए ग्राहकों की तलाश करने को मजबूर बताए जा रहे हैं। पंजाब सरकार की ओर से शहरों, कस्बों और गांवों के नजदीकी इलाकों में योजनाबद्ध तरीके से रिहायशी कॉलोनियां विकसित करने और लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए नियम बनाए गए हैं। इन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पंजाब अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (पुडा) और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। मंजूरशुदा कॉलोनी में सडे ों, सीवरेज, पानी की निकासी, पार्क, स्ट्रीट लाइटों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने के अलावा जमीन के उपयोग और प्लॉटों की बिक्री से संबंधित कानूनी प्रक्रिया भी पूरी करनी लाजमी होती है। लेकिन फिरोजपुर और उसके आस-पास के इलाकों में इन नियमों की उल्लंघना करके कॉलोनियां विकसित करने के आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ कॉलोनाइजरों की ओर से पहले सस्ते दाम पर कृषि भूमि खरीदी जाती है और इसके बाद उस जमीन को छोटे-छोटे प्लॉटों में बांटकर बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। कथित तौर पर कई जगहों पर जमीन के उपयोग में बदलाव और कॉलोनी की मंजूरी संबंधी जरूरी कार्रवाइयां पूरी किए बिना ही प्लॉटों की बिक्री शुरू कर दी जाती है। इस तरह के मामलों में सबसे बड़ा खतरा उन लोगों के लिए बन जाता है जो अपनी जीवन भर की कमाई लगाकर प्लॉट खरीदते हैं। जब कोई व्यक्ति कम कीमत या कथित तौर पर बेहतर भविष्य वाले प्लॉट के लालच में ऐसी कॉलोनी में जमीन खरीद लेता है तो बाद में उसे कानूनी मंजूरी, रजिस्ट्री, नक्शा पास करवाने, बिजली-पानी कनेक्शन और निर्माण की अनुमति जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ कॉलोनाइजर बाहर के इलाकों से आकर यहां जमीनें खरीदकर कारोबार कर रहे हैं। कथित तौर पर चार-पांच एकड़ या उससे अधिक जमीन पर कॉलोनी का रूप देकर प्लॉटों की बिक्री की जा रही है। प्लॉटों को सडे से जोडने, रास्ते बनाने या जमीन की निशानदेही करने के बाद लोगों को यह प्रभाव दिया जाता है कि यहां रिहायशी कॉलोनी विकसित की जा रही है। इस दौरान प्लॉटों की बुकिंग और बिक्री के जरिए बड़ी रकम इकट्ठी किए जाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। इस पूरे मामले का एक ओर पक्ष यह है कि अगर कोई कॉलोनी नियमों के अनुसार मंजूरशुदा न हो तो उसमें बुनियादी ढांचा तैयार करने की जिम्मेदारी भी अक्सर विवादों में घिर जाती है।

विशेष गहन पुनरीक्षणः जिले के सभी मतदान बूथों पर आज लगाए जाएंगे विशेष कैंप- जिला चुनाव अधिकारी हरप्रीत सिंह

बरनाला। पंजाब राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत कल 6 सितंबर 2026 को जिला बरनाला के सभी मतदान बूथों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे। जानकारी देते हुए जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह ने बताया कि इन कैंपों के दौरान संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहकर योग्य नागरिकों से मतदाता सूचियों में नाम दर्ज करवाने, संशोधन करवाने, नाम कटवाने या अन्य त्रुटियों संबंधी दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। यदि किसी योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या नाम, पता, आयु आदि से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना दावा या आपत्ति बीएलओ के पास दर्ज करवा सकता है। उन्होंने कहा कि पात्रता तिथि 01.10.2026 के आधार पर जिस नागरिक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है, वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने के लिए फॉर्म नंबर 6, मतदाता कार्ड में दर्ज विवरण में सुधार करवाने के लिए फॉर्म नंबर 8 और एनआरआई मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए फॉर्म नंबर 6-ए भरकर मतदान बूथों पर मौजूद बीएलओ को देना सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक योग्य नागरिक का मतदाता के रूप में पंजीकृत होना और मतदाता सूची में दर्ज जानकारी का सही होना बहुत महत्वपूर्ण है।

लुधियाना में 15 साल के बच्चे की स्विमिंग पूल में नहाने के बाद मौत

दोस्त भी सीपीआर देकर नहीं बचा पाए

- घटना 29 अगस्त की बताई जा रही है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है
- परिजनों के अनुसार हृदय संबंधी समस्या थी, हालांकि हालत काफी सुधर चुकी थी

डेली आवाज भारती



लुधियाना। लुधियाना में 15 वर्षीय वंश की स्विमिंग पूल में नहाने के बाद किनारे बैठे-बैठे ही अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना 29 अगस्त की बताई जा रही है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार वंश ने पूल में दो बार डुबकी लगाई और फिर बाहर आकर किनारे बैठ गया। कुछ देर बाद वह असहज महसूस करने लगा और उठकर चलने की कोशिश की। बाद में स्विमिंग पूल के गार्ड को बुलाया गया। चलते समय वह लड़खड़ाने लगा और वापस अपने दोस्त के पास पहुंचकर दीवार से सिर टिकाकर खड़ा हो गया। इसी दौरान वह बेहोश होने लगा, जिसे उसके दोस्त ने संभालने की कोशिश की। कुछ सेकंड बाद वंश पूरी तरह गिर गया। इसी बीच उसके दोस्तों ने शोर मचाकर मदद के लिए लोगों को बुलाया। बच्चों ने उसे होश में लाने और सीपीआर देने की कोशिश भी की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

अक्सर दोस्तों के साथ स्विमिंग करने जाता था

परिजनों के अनुसार वंश को पहले से हृदय संबंधी समस्या थी, हालांकि उसकी हालत काफी हद तक सुधर चुकी थी। वह अक्सर अपने दोस्तों के साथ स्विमिंग करने जाता था। घटना वाले दिन भी वह दोस्तों के साथ पूल पहुंचा था। परिवार का कहना है कि बच्चे को खुश रखने के लिए उसे सामान्य जीवन जीने की पूरी आजादी दी गई थी। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

श्री वैष्णो देवी माता मंदिर में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई



डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) अमृतसर जोडा फाटक स्थित दशमेश नगर के श्री वैष्णो देवी मंदिर में परम पूज्य ब्रह्मा ज्योति माता श्री जनक रानी के नृत्य में जन्माष्टमी बहुत ही धूमधाम से बनाई गई वही जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रासलीला की गई और बच्चों ने श्री कृष्ण के जन्मदिन को बहुत ही हर्ष हिलास से मनाया वही माता श्री जनक रानी जी ने बातचीत करते हुए मीडिया से कहा कि उनकी तरफ से वैष्णो देवी माता मंदिर में हर साल जन्माष्टमी बहुत ही धूमधाम से मनाई जाती है उन्होंने कहा कि जहां आकर सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती है उन्होंने कहा कि भक्तों द्वारा ब्याज का दिन बहुत ही खुशी और उत्साह से मनाया जाता है वहीं उनकी तरफ से लड्डू गोपाल जी को भोग लगाकर जन्मदिन केक काटकर मनाया गया इस अवसर पर मनजीत सिंह कालिया, संजीव मेहता ,सौरभ, रघुवीर, अरुण ,कुलदीप कुमार, केवल चीचा ,विकास ,मोहित ,कंबोज आदि मजबूत थे।

5.5 ग्राम हैरोइन के साथ पुलिस ने विभिन्न मामलों में 3 को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय एवं थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.5 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय की एसआई बलदीप सिंह ने बताया उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान मिली सूचना के अधार पर दाना मंडी में छापेमारी करके नीतिन कुमार पुत्र अशोक कुमार वासी नजदीक बेर साहिब गुरु घर गुरुहरसहाय को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 1.5 ग्राम हैरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना लक्खोके बहराम की इंस्पैक्टर परमजीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर बोबी पुत्र जीत सिंह वासी लक्खोके बहराम और कारज सिंह उर्फ गोरा पुत्र चांदी राम वासी लक्खोके बहराम को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे बलदीप सिंह व परमजीत कौर ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार दोषियों पर मामलें दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विधायक रजनीश दहिया ने आंगनवाड़ी वर्करों व हैल्परों को सौंपें नियुक्ती पत्र

डेली आवाज भारती



विधायक रजनीश दहिया आंगनवाड़ी वर्करों व हैल्परों को नियुक्ती पत्र सौंपते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर) विधायक फिरोजपुर देहाती रजनीश दहिया द्वारा ब्लॉक घल्लखुर्द और ब्लॉक फिरोजपुर की कुल 15 आंगनवाड़ी वर्करों व हैल्परों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस दौरान विधायक दहिया ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा रोजगार देने की मुहिम को ध्यान में रखते हुए बेरोजगारों को नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए जाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आज हलके की 6 आंगनवाड़ी वर्करों और 09 आंगनवाड़ी हैल्परों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली हर सुविधा को छोटे से छोटे नागरिक तक पहुंचाने के लिए आंगनवाड़ी वर्कर व हैल्परों का बहुत बड़ा योगदान होता है। आंगनवाड़ी वर्कर और हैल्पर वह एक कड़ी हैं जिससे किसी भी सरकार के कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का काम किया जाता है। उन्होंने नियुक्ति प्राप्त करने वाली आंगनवाड़ी वर्करों व हैल्परों को बधाई देते हुए कहा कि वह आज से सरकार का एक अहम अंग हैं और सरकार द्वारा जारी की जाने वाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं या सामाजिक और आर्थिक संबंधी सुविधाओं को अधिक से अधिक लोगों में प्रचारित करके और लोगों को उसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए काम करेंगी। इस अवसर पर सीनियर नेता भूपिंदर कौर संधू, ब्लॉक समिति सदस्य परमपाल सिंह गिल, सरपंच गांव प्यारेआना मनदीप सिंह, सीडीपीओ सुखविंदर कौर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आंचल अरोड़ा, सुपरवाइजर आशा पाल कौर, दर्शन कौर, राजविंदर कौर, गुरविंदर सिंह, सुखबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

राजस्व विभाग की तरफ से जमीन पर लगाई निशानियां हटाने का मामला..

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम की पुलिस ने बीते दिन एक व्यक्ति की जमीन में राजस्व विभाग की तरफ से की गई निशानदेही को जबरदस्ती से हटाने वाले 5 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता रुप सिंह पुत्र फौजा सिंह वासी चक्क कंधेशाह ने बताया कि राजस्व विभाग की तरफ से बीते दिन जमीन पर निशानदेही की गई थी, जिसे दोषी जगदीश सिंह पुत्र गुरनाम सिंह, राणा बाई पत्नी जगदीश सिंह, राज सिंह पुत्रज गदीश सिंह, सुबा सिंह पुत्र जगदीश सिंह, बलविन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह वासी गांव चक्क कंधेशाह ने जबरदस्ती से हटा दिया है। मामले की जांच कर रहे महिन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त सभी दोषियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 5 ग्राम हैरोइन सहित 2 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सदर जीरा एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 5 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलो में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सिटी जीरा के एएसआई निर्मल सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर मनीश उर्फ राहुल पुत्र विजय वासी बस्ती माछीयां जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हैरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना मक्खू के एएसआई जगदीश सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर रणजीत सिंह पुत्र राणा पुत्र बख्शीश सिंह वासी वार्ड नंबर 13 ईसा नगरी मक्खू को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हैरोइन बरामद की है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन त्यौहार पर भक्ति भजन ग्रुप ने विभिन्न मंदिरों में आयोजित किए धार्मिक समारोह

डेली आवाज भारती



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन त्यौहार पर भक्ति भजन ग्रुप के पदाधिकारी मंदि में आयोजित धार्मिक समारोह में भजन-कीर्तन करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन महा पर्व के अवसर पर भक्ति भजन ग्रुप द्वारा विभिन्न मंदिरों में धार्मिक समारोह आयोजित किए गए।

मालूम हो कि इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन त्यौहार 4 सितंबर को मनाया गया और इसी कड़ी के तहत सबसे पहले श्री राधा कृष्ण मंदिर, हनुमान धाम में मंदिर के प्रधान देवेंद्र के सहयोग से विशेष कीर्तन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की देख-रेख कैलाश शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर भक्ति भजन ग्रुप के सदस्यों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान करते हुए भजन और कीर्तन किया गया और संगत ने भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ समारोह में भाग लिया। इसके बाद इस पावन दिवस का आनंद लेते हुए भगवान श्री कृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। दोनों धार्मिक समारोहों की शुरुआत भक्ति भजन ग्रुप के संस्थापक धर्मपाल बांसल डायरेक्टर शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सोढेवाला, फिरोजपुर और हारमनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज द्वारा श्री कृष्ण जी की महिमा में बहुत ही सुंदर भजन गायन के साथ हुई, जिसमें गौरव अनमोल म्यूजिक डायरेक्टर ने अपनी पूरी टीम के साथ सहयोग दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक समारोह हमें अपनी संस्कृति, संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ते हैं।

पुलिस ने चोरी के मोटरसाईकिलों सहित 2 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों पर पुलिस ने चोरी धाराओं तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजुपर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके चोरी के मोटरसाईकिलों सहित 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए दोषियों पर चोरी की धाराओं तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई सुखदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर विभिन्न जगहों से वाहन चारी करने वाले कुलविन्द्र सिंह पुत्र बलजीत सिंह पुत्र तारा चंद वासी गांव चांदी वाला छीने झुगे व गुरदीप सिंह पुत्र भगवान सिंह पुत्र अजीत सिंह वासी गांव परपाल को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी के बिना नंबरी 2 मोटरसाईकिल बरामद किए है।

गुरुहरसहाय के विभिन्न मंदिरों में मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व, पूर्व विधायक आवला ने लगवाई हाजरी

डेली आवाज भारती



गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शहर के मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। मालूम हो कि शहर के श्री राधा कृष्ण मंदिर, मंदिर माता जज्जल वाली, ब्रह्म ऋषि बाबा दुधधारी जी महाराज, शिवालय मंदिर व अन्य कई धार्मिक स्थलों पर जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ब्रह्म ऋषि बाबा दुधधारी मंदिर और अन्य मंदिरों को फूलों, गुब्बारों और सुंदर लाइटों से सजाया गया और विभिन्न प्रकार के लंगर भी लगाए गए। इस दौरान महिला मंडल द्वारा श्री कृष्ण भगवान जी के सुंदर-सुंदर भजन गाये गए। ठाकुर भगवान जी का श्रंगार करके उन्हें झूले में बिठाया गया और संगत द्वारा उन्हें माथा टेका गया। मंदिर के पुजारी शिवराम, दलीप और सुभाष ने जैसे ही रात के 12 बजे भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म हुआ, उन्होंने भगवान जी की आरती करके प्रसाद को भोग लगवा कर संगत में बांटा। इस दौरान जलालाबाद से पूर्व विधायक समाज सेवी रामिंदर सिंह आवला ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ शहर के अलग-अलग मंदिरों में माथा टेका और भगवान श्री कृष्ण जी का आर्शीवाद प्राप्त किया।

शिक्षक दिवसः 'आप' सरकार ने पंजाब के शिक्षकों के साथ किया विश्वासघातः हीरा वालिया

'शिक्षा क्रांति' की खुली पोल, शिक्षक खाली पदों, वेतन के बकाया, पुलिस कार्रवाई और गैर-अकादमिक कार्यों से परेशान

डेली आवाज भारती

बटाला (अमंदीप संधू): शिक्षक दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी सरकार पर पंजाब के शिक्षकों के साथ विश्वासघात करने और अपनी बहुचर्चित 'शिक्षा क्रांति' को एक खोखले राजनीतिक नारे में बदलने का आरोप लगाया। प्रेस नोट जारी करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष हरसिमरन सिंह वालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान खुद को एक शिक्षक का बेटा बताते हैं, लेकिन उनकी सरकार में शिक्षकों को बेइज्जती, पुलिस कार्रवाई और अनदेखी का सामना करना पड़ रहा है। पंजाब के सरकारी शिक्षकों के लिए यह जश्न का नहीं, बल्कि काला दिवस है। पंजाब का भविष्य संवारने वाले शिक्षकों को अपने जायज अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है,÷ जिला अध्यक्ष हरसिमरन सिंह वालिया ने कहा। भाजपा ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी को उजागर करते हुए कहा कि 31,370 शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। इसके अलावा 1,100 से अधिक स्वीकृत प्रिंसिपल पद और लगभग एक-तिहाई ष्ठश्वह्य पद भी खाली हैं। 400 से अधिक एडेड स्कूलों में 1,700 से अधिक शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी कथित तौर पर 8 से 19 महीनों से बिना वेतन के काम कर



रहे हैं। भाजपा ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद सरकार ने उनका ग्रेड पे ` 4,400 से घटाकर ` 3,200 कर दिया है। पार्टी ने ष्ट और ब्बष्ट वर्गों के आरक्षण अधिकारों की अनदेखी का भी आरोप लगाया। 1,013 लेक्चरर पदों की अधिसूचना में कथित तौर पर ष्ट और BC उम्मीदवारों के लिए कोई आरक्षण नहीं दिया गया, जबकि 25 प्रतिशत आरक्षण अनिवार्य है। इसके बाद पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। भाजपा ने 1,158 सहायक प्रोफेसरों और लाइब्रेरियनों की नई भर्ती पूरी न करने को लेकर भी सरकार को घेरा, जबकि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष फरवरी 2026 तक भर्ती पूरी करने का भरोसा दिया था। शिक्षकों से वादा किया गया था कि उन्हें दोबारा पानी की टंकियों पर नहीं चढ़ना पड़ेगा। आज वे इंसाफ लेने के बजाय मोबाइल टावरों पर चढ़ने के लिए मजबूर हैं,÷ जिला अध्यक्ष हरसिमरन सिंह वालिया ने कहा। भाजपा ने शिक्षकों को सर्वेक्षण, पराली जलाने की जांच, हेल्थ कार्ड बनाने और राजनीतिक डाटा एकत्र करने जैसे गैर-अकादमिक कार्यों में लगाने की भी निंदा की। शिक्षक न तो सर्वेक्षण करने वाले हैं और न ही राजनीतिक कार्यकर्ता। वे पंजाब के भविष्य के निर्माता हैं,÷ जिला अध्यक्ष हरसिमरन सिंह वालिया ने कहा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकार बनने पर खाली पदों को भरा जाएगा, अनावश्यक गैर-अकादमिक कार्य समाप्त किए जाएंगे और शिक्षकों की गरिमा, सम्मान एवं सुरक्षा पूरी तरह बहाल की जाएगी।

page 4_Layout 1 05-09-2026 17:27 Page 1

मंदिर श्री काली द्वारा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया

भारत की प्रसिद्ध धार्मिक कलाकार आकृति मिश्रा राजस्थान वाले एंड पार्टी ने लगाई हाजिरी

डेली आवाज भारती



कादियां, (अमंदीप संधू): मंदिर श्री काली द्वारा, मेन बाजार में मंदिर श्री काली द्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पवित्र त्योहार कमेटी के अध्यक्ष श्री पवन कुमार भाटिया की अगुवाई में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा पुरानी सब्जी मंडी, डाकखाना चौक में विशेष धार्मिक समारोह करवाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी हलका कादियां के इंचार्ज सरदार गुरइकबाल सिंह माहल तथा विशेष रूप से नगर कौंसिल कादियां के अध्यक्ष सरबजीत सिंह माहल और हलका फतेहगढ़ चूड़ियां के विधायक त्रिपत राजिंदर सिंह बाजवा उपस्थित हुए। इस अवसर पर देश-विदेश में अपनी धार्मिक कला के लिए प्रसिद्ध भारत की धार्मिक कलाकार आकृति मिश्रा राजस्थान वाले एंड पार्टी द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी के भजन और धार्मिक गीत प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज और भक्तिमय प्रस्तुति से संगत का मन मोह लिया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका और भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए श्री कृष्ण जी के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। मंदिर कमेटी द्वारा समारोह को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। इस मौके पर पुलिस थाना कादियां के एस.एच.ओ. सरदार प्रभजोत सिंह और उनकी टीम द्वारा भी शहर में अमन-कानून बनाए रखने के लिए उचित सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। प्रबंधक कमेटी द्वारा समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथियों, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों और पत्रकारों को स्मृति चिन्ह एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं फतेहगढ़ चूड़ियां के विधायक त्रिपत राजिंदर सिंह बाजवा, आम आदमी पार्टी हलका कादियां के इंचार्ज सरदार गुरइकबाल सिंह माहल, नगर कौंसिल कादियां के अध्यक्ष सरबजीत सिंह माहल, उपाध्यक्ष राज कुमार जीटर, भारतीय जनता पार्टी मंडल कादियां के अध्यक्ष श्री गुलशन वर्मा, स्वर्णकार संघ एवं बाबा लखदाता दरबार के अध्यक्ष श्री जोगिंदरपाल बिट्टू, पीर निगाहे कमेटी के अध्यक्ष बोबी जी, श्री सोम नाथ शर्मा, नीरज सराफ, श्री सेठ भीम सेन, सरकार प्रेम सिंह घुम्मण, कामरेड दविंदर शर्मा, काउंसलर लक्की, नगर कौंसिल कादियां से राजा जी, श्री तिलक राज मुनिम, जागीर सिंह रखड़ा सहित श्री काली द्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

ब्रह्मा कुमारीज द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर सराहनीय : जगमोहन सिंह कंग

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया) कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री स. जगमोहन सिंह कंग ने ब्रह्मा कुमारी सुख शांति भवन द्वारा राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लड बैंक पी.जी.आई. चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित 'विश्व बंधु रक्तदान महाअभियान' शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स. कंग ने कहा कि ब्रह्मा कुमारीज जैसी प्रतिष्ठित एवं उच्च कोटि की संस्था न केवल देश-विदेश में निस्वार्थ सेवा के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत भी है उन्होंने बताया कि राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी प्रेम बहन जी के मार्गदर्शन में प्रत्येक वर्ष विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया तथा 90 यूनिट रक्तदान किया गया। पूर्व मंत्री कंग ने कहा कि आज के समय में ब्रह्मा कुमारीज संस्था लोगों को परमपिता परमात्मा से जुड़ने का संदेश दे रही है संस्था समय-समय पर सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ देश और समाज में सद्भावना, आपसी प्रेम, सम्मान एवं धर्मनिरपेक्षता का संदेश भी दे रही है, जो एक सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी प्रेम बहन जी, ब्रह्मा कुमारी कृष्णा देवी जी, ब्रह्मा कुमारी मीना बहन जी, अर्पिता बंसल, रमन दत्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शिव मंदिर में नतमस्तक हुए परमिंदर सिंह गोल्डी

- वार्ड नंबर 6 के गणमान्य लोगों ने सिरोपा भेंट कर किया सम्मानित

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकलगढ़िया): न्यू स्वराज नगर स्थित वार्ड नंबर 6 के पवित्र शिव मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित रात्रि धार्मिक कार्यक्रम में खरड़ विधानसभा क्षेत्र के इंचार्ज सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने अपने साथियों सहित विशेष रूप से शिरकत की इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री कृष्ण जी के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मंदिर में उपस्थित संगत के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के पुजारी की ओर से सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी की चढ़दी कला तथा लोक सेवा के लिए अरदास की गई। मंदिर प्रबंधन की ओर से आए हुए मेहमानों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 6 के गणमान्य लोगों की ओर से सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी को खरड़ विधानसभा क्षेत्र का इंचार्ज बनने तथा वार्ड नंबर 6 में पहुंचने पर सिरोपा भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

गणमान्य लोगों ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी से आपसी भाईचारा और सद्भावना मजबूत होती है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा-अर्चना की और धार्मिक कार्यक्रम का आनंद लिया इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर सरदार प्रभजोत सिंह खालसा (सोशल वर्कर), सुखदेव सिंह रंधावा, गोपाल दास, राहुल कुमार, प्रधान बृज मोहन, लाल महाजन, सुरेश शर्मा, पवन कुमार, सतवंत सिंह, अवतार सिंह, तारा सिंह, राजिंदर गुलाटी, कश्मीर सिंह, सुरेश कुमार, जसवंत सिंह, वीरपाल कौर, ऊषा रानी, पवनदीप कौर, कुलविंदर कौर, प्रीति सैनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

दुर्गियाना मंदिर में धूमधाम से मनाई जा रही श्री कृष्ण जन्माष्टमी, सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही

डेली आवाज भारती





अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर अमृतसर के दुर्गियाना मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई,अमृतसर। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव पूरी दुनिया में भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी सिलसिले में अमृतसर के मशहूर दुर्गियाना मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के लिए खास तैयारियां की गई हैं। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का आना शुरू हो गया था और भोर होते ही मंदिर परिसर में भक्तों की संख्या बढ़ गई। भगवान श्री कृष्ण के दर्शन और पूजा करने के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर दुर्गियाना मंदिर को फूलों और आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटों से खूबसूरती से सजाया गया है। मंदिर परिसर में खास सफाई की गई है और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव से जुड़े धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भक्त भगवान के दर्शन करने के बाद परिवार की सुख, शांति, समृद्धि और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते दिखे।

दुर्गियाना मंदिर के पुजारी पंडित मेघा शाम लाल जी ने कहा कि सनातन धर्म में आज के दिन का खास महत्व है। मान्यता के अनुसार, द्वापर युग में इसी दिन आधी रात को भगवान कृष्ण का अवतार हुआ था। भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर साल भक्त बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी के लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। मंदिर को सजाने के साथ-साथ भगवान की पूजा और जन्मोत्सव से जुड़े सभी धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण के जन्म पर खास पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान का पंचामृत, दूध, दही, शहद, चीनी और गंगाजल आदि से अभिषेक किया जाता है। इसके बाद भगवान को नए कपड़े पहनाए जाते हैं और मक्खन और मिठाई समेत कई तरह के भोग लगाए जाते हैं। आधी रात को भगवान कृष्ण के जन्म पर खास आरती और पूजा का आयोजन किया जाएगा।

मंदिर के पुजारी राधे श्याम ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि रात 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बाद खास धार्मिक अनुष्ठान और अभिषेक किए जाएंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन करेंगे और आशीर्वाद लेंगे। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने अत्याचार के प्रतीक कंस का अंत करके धर्म की स्थापना का संदेश दिया था। जन्माष्टमी का यह पावन त्योहार लोगों को सच्चाई, धर्म और नैतिकता के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। दुर्गियाना मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखी जाती हैं और %जय श्री कृष्ण% के नारों से पूरा माहौल भक्ति से भर जाता है।

जन्माष्टमी के अवसर पर गुरप्रताप सिंह पडियाला हलका खरड़ के विभिन्न मंदिरों में हुए नतमस्तक





डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): देश-प्रदेश सहित पूरे पंजाब में भगवान श्री कृष्ण जी का जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी के तहत हलका खरड़ के शहर कुराली और खरड़ के विभिन्न मंदिरों में भी जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन धार्मिक कार्यक्रमों में हलका खरड़ के सेवादार एवं पंजाब किसान कांग्रेस के महासचिव गुरप्रताप सिंह पडियाला ने विशेष रूप से शिरकत करते हुए विभिन्न धार्मिक स्थलों पर नतमस्तक होकर हाजिरी लगवाई। उन्होंने शहर कुराली की नगर खेड़ा धर्मशाला, कृष्णा मंदिर, गुग्गा मैड़ी चनालों, कृष्णा मंदिर चनालों, सनातन धर्म मंदिर सन्नी एन्क्लेव खरड़, किला कॉम्प्लेक्स, मीठा कुआं तथा दशहरा ग्राउंड खरड़ सहित कुल 11 स्थानों पर आयोजित जन्माष्टमी के कार्यक्रमों में शिरकत की। इस अवसर पर गुरप्रताप सिंह पडियाला ने श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए भगवान श्री कृष्ण जी के चरणों से जुड़ने तथा अपने जीवन में अच्छाई, सच्चाई और मानवता की सेवा के मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भावना और मानवता की सेवा का संदेश देते हैं। हमें इन पर्वों से प्रेरणा लेकर समाज और मानवता की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजकों द्वारा गुरप्रताप सिंह पडियाला का सम्मान भी किया गया। उन्होंने कार्यक्रमों के आयोजकों एवं श्रद्धालुओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सद्भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सुरजीत सिंह लखनौर, महासचिव पंजाब कांग्रेस एस.सी. विंग, एडवोकेट सुशांत कौशिक खरड़, रविंदर सिंह बोबी, पूर्व सरपंच बत्ता, मुकेश राणा, पूर्व पार्षद कुराली सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजक, धार्मिक शख्सियतें और अन्य साथी उपस्थित रहे।

जन्माष्टमी के अवसर पर गुरप्रताप सिंह पडियाला हलका खरड़ के विभिन्न मंदिरों में हुए नतमस्तक

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): देश-प्रदेश सहित पूरे पंजाब में भगवान श्री कृष्ण जी का जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी के तहत हलका खरड़ के शहर कुराली और खरड़ के विभिन्न मंदिरों में भी जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन धार्मिक कार्यक्रमों में हलका खरड़ के सेवादार एवं पंजाब किसान कांग्रेस के महासचिव गुरप्रताप सिंह पडियाला ने विशेष रूप से शिरकत करते हुए विभिन्न धार्मिक स्थलों पर नतमस्तक होकर हाजिरी लगवाई। उन्होंने शहर कुराली की नगर खेड़ा धर्मशाला, कृष्णा मंदिर, गुग्गा मैड़ी चनालों, कृष्णा मंदिर चनालों, सनातन धर्म मंदिर सन्नी एन्क्लेव खरड़, किला कॉम्प्लेक्स, मीठा कुआं तथा दशहरा ग्राउंड खरड़ सहित कुल 11 स्थानों पर आयोजित जन्माष्टमी के कार्यक्रमों में शिरकत की। इस अवसर पर गुरप्रताप सिंह पडियाला ने श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए भगवान श्री कृष्ण जी के चरणों से जुड़ने तथा अपने जीवन में अच्छाई, सच्चाई और मानवता की सेवा के मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भावना और मानवता की सेवा का संदेश देते हैं। हमें इन पर्वों से प्रेरणा लेकर समाज और मानवता की भलाई के लिए कार्य करना चाहिए। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजकों द्वारा गुरप्रताप सिंह पडियाला का सम्मान भी किया गया। उन्होंने कार्यक्रमों के आयोजकों एवं श्रद्धालुओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और सद्भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

556.28 ग्राम हैरोइन एवं मोटरसाईकिल सहित पुलिस ने 10 को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान 10 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 556.28 ग्राम हैरोइन एवं बिना नंबरी मोटरसाईकिल बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना सिटी, थाना छावनी, थाना सदर फिरोजपुर, थाना ममदोट, थाना घल्लखुर्द, थाना तलवंडी भाई, थाना आरफके और थाना मल्लांवाला में मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई शर्मा सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर कृपा सिंह पुत्र बिल्लु सिंह वासी गांव पधरी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.30 ग्राम हैरोइन, थाना छावनी फिरोजपुर की एस.आई जसप्रीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर राहुल उर्फ दीपु पुत्र जोन वासी अहाता नंबर 18 बस्ती टैंकावाली फिरोजपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 ग्राम हैरोइन, थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई बोहड़ सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दुलचीके बांध के नजदीक से बुटा सिंह उर्फ रवि पुत्र ओम प्रकाश वासी गांव निहाला किलचा व सोनू सिंह उर्फ सोनू पुत्र काला सिंह वासी गांव पीर ईस्माईल खां को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 525 ग्राम हैरोइन व बिना नंबरी मोटरसाईकिल, इसी थाना के एएसआई सुखबीर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर कांवैंट स्कूल के नजदीक से तेज बलवंत सिंह उर्फ अली पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गांव कामलवाला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.95 ग्राम हैरोइन, थाना आरफके के एएसआई कर्मदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अदार पर विकास उर्फ विक्की पुत्र रघुबीर सिंह वासी टाहली मुहल्ला नजदीक डाकखाना सिटी फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.08 ग्राम हैरोइन, थाना घल्लखुर्द के इंस्पैक्टर कश्मीर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर बलविन्द्र सिंह उर्फ लुगा पुत्र बलजीत सिंह वासी गांव सुलहानी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.95 ग्राम हैरोइन, थाना ममदोट के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर दिलशान उर्फ मिट्ठन वासी महिल सिंह वाला जीरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 ग्राम हैरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुरजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना पर विक्रमदीप सिंह पुत्र सोनू वासी कूका बस्ती भैणी वाली गली तलवंडी भाई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 ग्राम हैरोइन और थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर धरविन्द्र सिंह पुत्र राज सिंह वासी खोसा दल सिंह वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

शहीद भगत सिंह कालेज ऑफ नर्सिंग सोढेवाला में उत्साहपूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस

डेली आवाज भारती

शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते,बल्कि उन्हें अनुशासन, मेहनत, ईमानदारी और सेवा भावना जैसे अच्छे मूल्यों से भी जोड़ते हैं:धर्मपाल बांसल

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग सोढेवाला फिरोजपुर में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया और समारोह की शुरुआत केक काटकर की गई। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा सभी शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए उनकी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर धर्मपाल बांसल निर्देशक शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सोडेवाला, फिरोजपुर और हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की सफलता में शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उन्हें अनुशासन, मेहनत, ईमानदारी और सेवा भावना जैसे अच्छे मूल्यों से भी जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की जिम्मेदारी ओर भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह विद्यार्थियों को भविष्य में मरीजों की सही और संवेदनशील ढंग से देखभाल करने के लिए तैयार करते हैं। शिक्षकों की मेहनत और मार्ग दर्शन से ही विद्यार्थी अपने पेशेवर जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गई। शिक्षकों ने भी प्रबंधकों द्वारा दिए गए सम्मान के लिए धन्यवाद किया। यह समारोह शिक्षकों की मेहनत और उनके प्रति सम्मान को समर्पित एक यादगार अवसर बना। समारोह के दौरान कॉलेज का माहौल खुशी और उत्साह से भरा रहा। मालूम हो कि शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर इस दिन को यादगार बनाया। अंत में सभी ने शिक्षकों के महत्व को समझते हुए उनका हमेशा सम्मान करने का संदेश दिया। शिक्षक दिवस का यह समारोह विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच प्यार, सम्मान और साझा को और मजबूत करने वाला साबित हुआ। समारोह में कॉलेज प्रबंधन द्वारा शिक्षकों को विशेष उपहार भी भेंट किए गए। इस अवसर पर कॉलेज की प्रिंसिपल सुखदीप कौर, डा.संजीव मानकटाला, शरनजीत कौर, सुखविंदर कौर, गुरदीप कौर, जगदेव सिंह, अमनदीप कौर, संगीता हांडा, गुरमीत कौर, अमनदीप कौर, खुशपाल कौर, गुरप्रीत कौर, रमनदीप कौर, सुखमनदीप कौर, गीतांजलि, अमनदीप कौर, कोमलजीत कौर, अमनदीप कौर, बलविंदर कौर, कोमलप्रीत कौर, सुखवीर कौर, अमनदीप कौर, मनप्रीत कौर, आंचल आदि शामिल थे।

CMYK

page 5_Layout 1 05-09-2026 18:06 Page 1

खेडां वतन पंजाब दियां-2026: 7 सितंबर से ब्लॉक स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं: डिप्टी कमिश्नर

ब्लॉक महल कलां में प्रतियोगिताएं 7 और 8 सितंबर को होंगी

- ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को खेलों में भाग लेने का निमंत्रण

डेली आवाज भारती



बरनाला। पंजाब सरकार की युवाओं को खेलों से जोड़ने, खेल कौशल को बढ़ावा देने और राज्य में खेल संस्कृति को और मजबूत करने की पहल के तहत, बरनाला जिले में 7 सितंबर से ब्लॉक स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह (द्वस) ने बताया कि ब्लॉक महल कलां में प्रतियोगिताएं 7 और 8 सितंबर को होंगी। फुटबॉल प्रतियोगिताएं शहीद बीबी किरणजीत कौर सरकारी स्कूल महल कलां में, एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं बाबा काला मेहर स्टेडियम बरनाला में, और वॉलीबॉल (शूटिंग और स्मैशिंग), कबड्डी (नेशनल और सर्कल स्टाइल) व खो-खो प्रतियोगिताएं दीवान गांव के स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी। ब्लॉक सेहना में प्रतियोगिताएं 10 और 11 सितंबर को होंगी। इनमें एथलेटिक्स, कबड्डी (नेशनल और सर्कल स्टाइल) और वॉलीबॉल (शूटिंग और स्मैशिंग) प्रतियोगिताएं पब्लिक स्टेडियम भदौड़ में होंगी। खो-खो प्रतियोगिताएं माता गुजरी पब्लिक स्कूल भदौड़ में और फुटबॉल प्रतियोगिताएं स्स्स् स्कूल भदौड़ में होंगी। ब्लॉक बरनाला में प्रतियोगिताएं 14 और 15 सितंबर 2026 को होंगी। ब्लॉक बरनाला की एथलेटिक्स, कबड्डी (नेशनल और सर्कल स्टाइल) और खो-खो प्रतियोगिताएं बाबा काला मेहर स्टेडियम में, वॉलीबॉल (शूटिंग और स्मैशिंग) प्रतियोगिताएं स्स्स् स्कूल रूरके कलां में और फुटबॉल प्रतियोगिताएं स्पोर्ट्स स्टेडियम गांव कोटदूना में आयोजित की जाएंगी। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (विकास) डॉ. हरजिंदर सिंह बेदी ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के दौरान विभिन्न खेलों के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ब्लॉक स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेगा और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी बरनाला रूपेश कुमार बेगरा ने कहा कि खेल विभाग खिलाड़ियों के लिए जरूरी इंतजाम सुनिश्चित कर रहा है और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'खे न वतन पंजाब दियां-2026' का मकसद पंजाब की युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों से दूर रखकर खेलों के प्रति प्रेरित करना और राज्य से नए खेल प्रतिभाओं को सामने लाना है।

सभी मतदान केंद्रों पर रविवार को सुबह 10.00 से शाम 04.00 बजे तक लगेंगे विशेष कैंप

- मतदान केंद्रों पर नए वोट का रजिस्ट्रेशन, वोट की दुरुस्ती, वोट को शिफ्ट करने आदि के लिए भरे जाएंगे फॉर्म

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला चुनाव अधिकारी दीपशिखा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पंजाब राज्य में मतदाता सूची की विशेष गहन शुद्धि (एसआईआर-2026) का महत्वपूर्ण कार्य चल रहा है। एस.आई.आर-2026 के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अगस्त 2026 को करवाया जा चुका है और इसके तहत दावे/आपत्तियां 12 सितंबर 2026 तक प्राप्त किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी, पंजाब के निर्देशानुसार जिला फिरोजपुर के सभी 932 मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा 06 सितंबर 2026, दिन रविवार को सुबह 10.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने मतदान बूथ पर बैठकर लोगों से नए वोट रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म नंबर 6, वोट में किसी प्रकार की दुरुस्ती के लिए, वोट नंबर शिफ्ट करने के लिए, एपिक कार्ड की रिप्लेसमेंट, पी.डब्लू.डी वोटर्स की मार्किंग संबंधी फॉर्म नंबर 8 भरवाए जाएंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वह 06 सितंबर 2026, दिन रविवार को मतदान केंद्रों पर लगने वाले विशेष कैंपों का अधिकतम लाभ उठाएं।` जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि 06 सितंबर को इस विशेष कैंप में बी.एल.ओ की उपस्थिति सुनिश्चित करने और उनके काम की चेकिंग करने के लिए चुनाव हलका स्तर, जिला स्तर और मुख्य चुनाव अधिकारी, पंजाब के कार्यालय के अधिकारियों द्वारा चेकिंग की जाएगी। जिला चुनाव अधिकारी द्वारा बी.एल.ओ को सख्त निर्देश दिया जाता है कि वह अपनी उपस्थिति इस विशेष कैंप में सुनिश्चित करें, यदि कोई बी.एल.ओ गैर-हाजिर पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि फॉर्म ईसीआई नेट पोर्टल पर ऑनलाइन भी भरे जा सकते हैं। वोट रजिस्ट्रेशन करते समय किसी भी प्रकार की समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही जिला चुनाव अधिकारी द्वारा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भी इस विशेष कैंप में अपना सहयोग देने की अपील की गई है।

बूथ लेवल अधिकारी मतदान केंद्रों पर रहेंगे उपस्थित



जिला चुनाव अधिकारी दीपशिखा शर्मा जानकारी देती हुई।

जयंती माजरी पुल निर्माण के लिए बोर टेस्टिंग का काम शुरू : बैनीपाल

डेली आवाज भारती



खरड़। खरड़ विधानसभा क्षेत्र के नीम पहाड़ी इलाके के गांवों के लोगों में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब प्रमुख समाजसेवी एवं खेल प्रमोटर दलविंदर सिंह बैनीपाल द्वारा करीब तीन माह पहले किए गए वादे को पूरा करने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया। ऐतिहासिक गांव जयंती माजरी में पुल निर्माण के लिए बोर टेस्टिंग (बोरिंग) का कार्य शुरू हो गया है।

इस कार्य का शुभारंभ समाजसेवी दलविंदर सिंह बैनीपाल ने माथा टेककर किया इस अवसर पर लड्डू भी बांटे गए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए बैनीपाल ने कहा कि राजधानी के करीब मात्र दस किलोमीटर के दायरे में स्थित इस क्षेत्र के लोगों को आजादी के इतने वर्षों बाद भी कई बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की कमी अब तक सत्ता में रही सरकारों तथा यहां का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान है। बैनीपाल ने कहा कि जयंती माजरी पुल का निर्माण क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही जरूरत ह इस कार्य को पूरा करने के लिए क्षेत्र से बाहर रह रहे एनआरआई भाइयों, पंचायतों तथा सभी जागरूक निवासियों, दोस्तों और सहयोगियों तक उनकी टीम पहुंचकर सहयोग की अपील करेगी। उन्होंने मीडिया के माध्यम से क्षेत्र की संगतों और लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह एक बड़ा जनहित का कार्य है, जिसे सभी के सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है उन्होंने लोगों से इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर टीम के कोष प्रबंधक मास्टर हरनेक सिंह मावी ने बताया कि इस कार्य के लिए प्राप्त होने वाले दशवंध रूपी योगदान के एक-एक पैसे का पूरा हिसाब-किताब रखा जाएगा तथा हर महीने इसकी रिपोर्ट मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक की जाएगी, ताकि सहयोग देने वाले लोगों के सामने पूरी पारदर्शिता बनी रहे।इस मौके पर पूर्व सरपंच चौधरी श्याम लाल माजरीयां, मंदिर कमेटी के सदस्य, हुसन चंद सरपंच जयंती माजरी, योगराज सरपंच कसौली, मक्खण जी जयंती माजरी, परमजीत पंच कसौली, याद राम पंच, जरनैल सिंह, बिल्ला जयंती माजरी, निर्मल सिंह काला पंच बघीड़ी, टीम बैनीपाल ग्रुप के प्रमुख सदस्य मास्टर हरनेक सिंह मावी बड़ौदी, बाबा रणबीर सिंह कादीमाजरा, जगदीश सिंह दीशा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

मोहनजीत सिंह की पिटाई करने वाले डीएसपी का ट्रांसफर, पंजाब सरकार ने लिया एक्शन

3 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने का आदेश भी जारी किया

- वहीं, विपक्ष ने इस मुद्दे को उठाया और सरकार पर दबाव बनाया
- घर की छत पर सीएम भगवंत मान की तरफ काला झंडा लहराया

डेली आवाज भारती

मोहनजीत सिंह की पिटाई के मामले में पंजाब सरकार ने एक्शन लिया है। पंजाब सरकार ने थप्पड़ मारने वाले डीएसपी हरविंदर सिंह का ट्रांसफर कर दिया है। वहीं इसके साथ ही 3 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने का आदेश भी जारी किया है। वहीं इस मामले पर अधिकारियों ने कहा कि इस आरोप की जांच चल रही है और साथ ही उन्होंने उन मामलों की सूची भी पेश की जिनमें उसके खिलाफ पहले मामला दर्ज किया गया था। विपक्ष ने इस मुद्दे को उठाया और सरकार पर दबाव बनाया। जिसके बाद अब पंजाब सरकार ने एक्शन लिया है। आपको बता दें कि शेरों गांव के मोहनजीत सिंह ने पास के एक घर की छत पर खड़े होकर मुख्यमंत्री भगवंत मान की तरफ काला झंडा लहराया और नशीली दवाओं की समस्या से निपटने के सरकारी दावों पर सवाल उठाते हुए नारे लगाए। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें नीचे उतारा और गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस स्टेशन ले जाकर पीटने के आरोप

इसके बाद 37 साल के मोहनजीत सिंह ने आरोप लगाया है कि पुलिस हिरासत में उनके साथ बेरहमी से पीटा गया। पहले मुझे गांव में ही डीएसपी हरिंदर सिंह खैरा ने पीटा और बाद में पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां मेरे बाल और दाढ़ी का अपमान किया गया। इसके बाद मेरे घावों पर नमक छिड़का।

लाला ब्रिज लाल ऐजुकेशन सोसायटी ने युवतियों को सिलाई मशीने एवं सैलून स्टाटिंग किटें की वितरित

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): अध्यापक दिवस के मौके पर लाला फतेह ब्रिज लाल ऐजुकेशन सोसायटी ने पंजाब सरकार की एसओएसवीओ फंड की सहायता से विभिन्न हुनर विकास कोर्स कर रही युवतियों को स्वै-रोजगार के मौके मुहैया करने के उद्देश्य से सिलाई मशीने व सैलून स्टाटिंग किटें वितरित की। इस मौके पर संस्था के डायरैक्टर राकेश सेतीया, लेखाकार सतनाम सिंह, टीचर सर्बजीत कौर, मिनाक्षी, प्रोजैक्ट मैनेजर अमनदीप सिंह आदि विशेशष तौर पर मौजूद रहे। इस मौके पर संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यों का मुख्य उद्देश्य युवतियों को विभिन्न कामों की सिखलाई देकर अपने पैरों पर खड़ा करना है, तांकि वह अपन और परिवार का गुजारा चला सकें। इस मौके पर डायरैक्टर राकेश सेतीया ने कहा कि युवतियों को हुनरमंद एवं आत्म निर्भर बनाना ही हमारी संस्था की प्राथमिकता है। जर्बिक प्रोजैक्ट मैनेजर अमनदीप सिंह ने बताया कि प्रोजैक्ट तहत युवकियों को विभिन्न कोर्सों की सिखलाई दी जा रही है और सिखलाई पूरी होने के बाद उन्हें आवश्यक सहायता भी प्रदान की जाती है। इस दौरान युवतियों ने इस कार्य के लिए संस्था पदाधिकारियों व सरकार का अभार व्यक्ति किया।

पंजाब विधान सभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां द्वारा देश भर के शिक्षकों को शिक्षक दिवस की मुबारकबाद

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़,राहुल गोयल : पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने आज देश भर के शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई दी। अपने संदेश में स्पीकर संधवां ने जोर देकर कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान का मार्ग दिखाकर उन्हें समाज के जिम्मेदार और उत्तम नागरिक बनाते हैं। उन्होंने कहा, ÷शिक्षा हमारे जीवन में बहुत महत्व रखती है और शिक्षक एक विद्यार्थी के भविष्य को बनाने में गहरी भूमिका निभाता है।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷जिस प्रकार हम अपने माता-पिता का ऋण कभी नहीं चुका सकते, उसी प्रकार हम अपने शिक्षकों का ऋण कभी भी नहीं चुका सकते। एक शिक्षक हमें ऊँचाइयों पर ले जाता है, सफलता का मार्ग दिखाता है और अपने विद्यार्थी को सफल एवं समृद्ध देखकर सबसे अधिक खुशी प्राप्त करता है।÷ इस विशेष अवसर पर स्पीकर ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की शिक्षा प्रणाली में उनके शानदार योगदान को स्मरण किया। स. संधवां ने उन शिक्षकों को विशेष बधाई दी जिन्हें आज उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए राज्य और राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जनशिक्षा का स्वरूप बदलने के लिए पंजाब सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए विशेष अंतरराष्ट्रीय एक्सपोज़र दौरे आयोजित किए गए हैं। ये विदेशी दौरे शिक्षकों को उन्नत विश्व शिक्षा प्रणालियों का अध्ययन करने और पंजाब के स्कूलों में उन लाभकारी प्रथाओं को लागू करने में सक्षम बनाते हैं।

ताजपुरा में गोगा मेड़ी का वार्षिक धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा से आयोजित



डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) – गांव ताजपुरा स्थित गोगा मेड़ी में वार्षिक धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गोगा मेड़ी के पवित्र स्थान पर नतमस्तक होकर अपनी श्रद्धा अर्पित की तथा परिवारों की सुख-शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान गांववासियों की ओर से सुबह श्रद्धालुओं के लिए चाय एवं पकौड़ों का लंगर लगाया गया। इसके बाद दोपहर के समय अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए जलेबियां भी वितरित की गईं। गांववासियों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा के लिए किए गए प्रबंधों की उपस्थित लोगों ने सराहना की। इस अवसर पर भजन गायकों द्वारा गोगा मेड़ी की महिमा से संबंधित भजन प्रस्तुत किए गए भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगे नजर आए और पूरा वातावरण भक्तिमय एवं श्रद्धामय बना रहा। इस मौके पर संजय कुमार, जंग बहादुर, सिद्धांत राठौर, प्रदीप राठौर, परविंदर कुमार, विकास गौतम, कार्तिक, हिमांशु, नीरज गौतम, लविस राठौर, रवि, कारन तथा मनिंदर पाल सहित बड़ी संख्या में गांववासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मोहंजीत मामले में पुलिस पर कार्रवाई, डीएसपी का तबादला; तीन पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

डेली आवाज भारती



संगरूर। मोहंजीत सिंह मामले में संगरूर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीएसपी हरविंदर सिंह खैरा का तबादला कर दिया है, जबकि मामले से जुड़े तीन अन्य पुलिस अधिकारियों को लाइन हाजिर किया गया है। यह कार्रवाई मोहंजीत सिंह की ओर से पुलिस हिरासत के दौरान लगाए गए आरोपों के बाद सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, कार्रवाई के तहत डीएसपी हरविंदर सिंह खैरा का तबादला, जबकि थाना सुनाम के एसएचओ प्रतीक जिंदल, थाना चीमा के एसएचओ बलजीत सिंह और सुनाम चौकी के इंचार्ज हरप्रीत सिंह को लाइन हाजिर किया गया है। मामला 2 सितंबर को शेरों गांव में मुख्यमंत्री भगवंत मान के कार्यक्रम के दौरान शुरू हुआ था। कार्यक्रम के दौरान मोहंजीत सिंह ने काला झंडा दिखाते हुए नशे के मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए थे। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया था। मोहंजीत सिंह ने आरोप लगाया था कि हिरासत के दौरान उसके साथ मारपीट की गई और उसके धार्मिक ककारों के साथ भी गलत व्यवहार किया गया। आरोप सामने आने के बाद मामले को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई। विभिन्न राजनीतिक दलों और सिख संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल समेत कई नेताओं ने मोहंजीत सिंह से मुलाकात कर मामले को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस नेताओं की ओर से भी मामले की जांच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (ह्यूमन राइट्स) से कराने की मांग की गई।

पुलिस का पक्ष

पुलिस की ओर से हिरासत में मारपीट के आरोपों से इनकार किया गया है। पुलिस के अनुसार, मोहंजीत सिंह को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान संभावित अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए निवारक हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ पहले से दर्ज मामलों और मेडिकल रिकॉर्ड का भी हवाला दिया है। डीएसपी के तबादले और तीन पुलिस अधिकारियों को लाइन हाजिर किए जाने के बाद अब मामले की जांच पर नजर है। जांच में हिरासत के दौरान की परिस्थितियों, मेडिकल रिकॉर्ड और पुलिस अधिकारियों की भूमिका की पड़ताल की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद ही मामले में आगे की कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट होगी।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में शिक्षक दिवस पर 'टीचिंग टाइटन्स 2026' पुरस्कार समारोह

300 से अधिक पुरस्कारों के माध्यम से शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को मिला सम्मान

डेली आवाज भारती

मोहाली, (संदीप अकालगढ़िया): चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी द्वारा शिक्षक दिवस 2026 के अवसर पर शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में उनके योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से 'टीचिंग टाइटन्स 2026' पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को 18 विभिन्न श्रेणियों में 300 से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद एवं चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने की। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ अकादमिक एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे इनमें प्रो-चांसलर श्रीमती दमनदीप कौर संधू, चांसलर के सलाहकार प्रो. (डॉ.) आर.एस. बावा, रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) एस.एस. सहगल तथा कार्यकारी निदेशक (एच.आर.) नवजोत सिंह मिगलानी शामिल रहे।





'टीचिंग टाइटन्स 2026' पुरस्कारों के तहत शिक्षण, शोध, विद्यार्थी मार्गदर्शन, नई शिक्षण विधियों, समाज सेवा, टीम वर्क तथा यूनिवर्सिटी की विभिन्न जिम्मेदारियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों का उद्देश्य शिक्षकों की मेहनत को पहचान देने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है। यूनिवर्सिटी स्तर के प्रमुख सम्मानों में सी.वी. रमन अवार्ड, डॉ. होमी जे. भाभा अवार्ड तथा डॉ. एस. राधाकृष्णन अवार्ड शामिल रहे शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ई.सी.ई. से डॉ. शोनक बंसल को सी.वी. रमन अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं यू.सी.आर.डी. से डॉ. जशनप्रीत सिंह को शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. होमी जे. भाभा अवार्ड प्रदान किया गया इसी प्रकार शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बायोटेक्नोलॉजी, यू.सी.आर.डी. से डॉ. नरशंस आलोक सागर को डॉ. एस. राधाकृष्णन अवार्ड से सम्मानित किया गया। विभागीय स्तर पर शोध में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 60 'रिसर्च ल्यूमिनरी अवार्ड' तथा शिक्षण में उत्कृष्टता के लिए 60 'स्टार एजुकेटर अवार्ड' प्रदान किए गए समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को 5 'कम्युनिटी सर्विस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। वहीं सेवा के शुरुआती वर्षों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को 8 'इमर्जिंग स्टार एजुकेटर अवार्ड' प्रदान किए गए। शिक्षण एवं सीखने के क्षेत्र में नए तरीकों को अपनाने वाले शिक्षकों को 8 'इनोवेशन कैटेलिस्ट अवार्ड' दिए गए। अकादमिक एवं यूनिवर्सिटी की विभिन्न जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने वाले शिक्षकों को 16 'स्टार टीम प्लेयर्स्कोऑर्डिनेटर रोल अवार्ड' प्रदान किए गए।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 05-09-2026 15:26 Page 1

आवाज भारती फिल्मी तड़का

साउथ सिनेमा अपनी जड़ों से जुड़ा, यही उसकी सबसे बड़ी खूबसूरती

नैला ग्रेवाल



बरेली की बर्फी, थप्पे और तमाशा जैसी फिल्मों में काम कर चुकी अभिनेत्री नैला ग्रेवाल आगामी बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन और एक्शन ड्रामा फिल्म %राका% में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने बताया कि साउथ इंडस्ट्री के लोग अपनी जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं और अपनी फिल्मों के जरिए इसको दिखाते हैं। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा, ÷मुझे लगता है कि साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरती यह है कि वे अपने कल्चरल ताने-बाने और जड़ों से बहुत जुड़े रहते हैं। वे अपनी फिल्मों और स्क्रिप्ट के जरिए अपने कल्चरल ताने-बाने को इतनी खूबसूरती से दिखाते हैं, जिससे हर तरह के लोग उनके सिनेमा की ओर खींचा चला आता है। मुझे लगता है कि यही उनकी खूबसूरती है कि वे असल में जैसे हैं, वैसे ही है। साथ ही, उनकी राइटिंग और स्क्रिप्टिंग भी बहुत अच्छी है।÷ नैला ग्रेवाल ने फिल्म %राका% की हिंट देते हुए कहा, ÷आपने अभी तक फिल्म को लेकर जो कुछ भी देखा, उससे भी कई ज्यादा एक्साइटिंग होने वाला है। यह मेरे लिए बहुत खास सफर है।÷ अभिनेत्री ने अपने सिनेमाई सफर को याद करते हुए कहा कि वे खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि शुरुआत में ही उन्होंने रणबीर कपूर, रवि किशन समेत कई टैलेंटेड एक्टर्स के साथ काम किया है, जिनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा, राका भी बहुत बढ़िया फिल्म है और इसमें मैंने प्रेरणादायक एक्टर्स के साथ काम किया है। जब आप दिलचस्प एक्टर्स के साथ काम करते हैं, तो एक अलग लेवल का चैलेंज होता है। वह चैलेंज प्रोजेक्ट, आपके कैरेक्टर और आपके पूरे अनुभव को और भी बेहतर बनाता है। इतनी शानदार स्टार कास्ट के साथ काम करने के बारे में मुझे ऐसा ही लगता है। एटली कुमार के निर्देशन में बनी बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन और एक्शन ड्रामा फिल्म %राका% में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और रिपोर्ट्स के अनुसार वह इसमें ट्रिपल रोल (तीन अलग-अलग किरदार) निभा सकते हैं। उनके साथ लीड रोल में दीपिका पादुकोण, रश्मिका मंदाना, जान्हवी कपूर, मृणाल ठाकुर और ऐश्वर्या लक्ष्मी जैसे कई अन्य कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं।

यह फिल्म टाइम ट्रैवल, मल्टीवर्स और पुनर्जन्म जैसे अनोखे और बड़े कॉन्सेप्ट पर आधारित बताई जा रही है। अल्लू अर्जुन के पहले लुक पोस्टर में उनका एक बहुत ही अलग और खतरनाक अंदाज (जंगली या वेयरवुल्फ जैसा लुक) देखने को मिला है।

मोहनलाल की फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का फर्स्ट लुक रिलीज, रूस-यूक्रेन जंग पर आधारित होगी कहानी

मुंबई। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की आगामी अनटाइटल (एल367) फिल्म का टाइटल मेकर्स ने अनाउंस कर दिया है। फिल्म के मेकर्स और निर्देशक विष्णु मोहन ने शनिवार को इसका आधिकारिक टाइटल और फर्स्ट लुक जारी किया है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का ऑफिशियल टाइटल शेयर किया, ऑपरेशन गंगा। नेशनल अवॉर्ड जीत चुके डायरेक्टर विष्णु मोहन की इस फिल्म का नाम 'ऑपरेशन गंगा' रखा गया है। 'ऑपरेशन गंगा' भारत के उस रेस्क्यू मिशन का नाम है, जो रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद शुरू किया गया था। इस मिशन के तहत यूक्रेन में फंसे हजारों भारतीयों, जिनमें बड़ी संख्या में छात्र भी शामिल थे, को वापस देश लाया गया था। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर विष्णु मोहन ने डायरेक्ट किया है, जो भक्ति ब्लॉकबस्टर 'मेप्पाडियन' को डायरेक्ट करने के लिए जाने जाते हैं। 'ऑपरेशन गंगा' पर आधारित एक हाई-ऑक्टेन सरवाइवल थ्रिलर ड्रामा होगी, जिसमें मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, एक्ट्रेस भाग्यश्री बोरसे और एक्टर पार्थिबन और आदिल हुसैन भी होंगे। फिल्म की शूटिंग इस समय जॉर्जिया में चल रही है और यह मोहनलाल के करियर की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। फिल्म का निर्माण 'श्री गोकुलम मूवीज' के बैनर तले किया जा रहा है। एक्शन डायरेक्टर सी यंग ओह फिल्म के एक्शन सीन कोरियोग्राफ करेंगे, जिन्होंने 'धुरंधर' और 'किल' में काम किया है। म्यूजिक कंपोजर शाश्वत सचदेव हैं, जो पैन-इंडिया फिल्म 'धुरंधर' की सफलता के बाद अब 'ऑपरेशन गंगा' का म्यूजिक दे रहे हैं।'ऑपरेशन गंगा' की टेक्निकल टीम में भी बड़े-बड़े नाम शामिल हैं। फिल्म के सिनेमैटोग्राफर मिरोस्लाव कुबा ब्रोजेक हैं, जिन्होंने 'पुष्पा 1' और 'पुष्पा 2' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की शूटिंग की है। फिल्म के प्रोड्यूसर गोकुलम गोपालन हैं, जबकि बैजू गोपालन और वी. सी. प्रवीण को-प्रोड्यूसर हैं और कृष्णमूर्ति एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं।



शहनाज गिल से तुलना पर बोलीं लवप्रीत गिल

मेरी भी अपनी पहचान है



पंजाब सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री लवप्रीत गिल इन दिनों 'बिग बॉस-20' को लेकर सुर्खियों में चल रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि अगर वह बिग बॉस के घर जाती हैं तो दर्शक उनकी असली व्यक्तित्व को जान पाएंगे। जब आईएएनएस ने अभिनेत्री से बिग बॉस के घर जाने की वजह पूछी तो लवप्रीत गिल ने बताया कि न जाने की भी कोई वजह नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि एक कलाकार के तौर पर हम सभी को कुछ नया एक्सप्लोर करना चाहिए। बिग-बॉस एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां आप अपनी असली और बेबाक पर्सनालिटी दिखा सकते हैं। अभिनेत्री ने बिग बॉस में दोस्ती बनाने को लेकर कहा, ÷मैं वहां गेम खेलने जा रही हूं और मेरा पूरा फोकस गेम पर ही रहेगा। सब कुछ सिचुएशन पर निर्भर करता है। मैं सभी के साथ अच्छे संबंध बनाए रखूंगी।÷ शो के अंदर खाना बनाने से लेकर सारे काम करेंगे। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि खाना बनाना एक अच्छा काम है और हमारे पंजाब में इसे नेक काम भी बोला जाता है। मैं वहां बनाऊंगी भी और सभी को खिलाऊंगी भी। इसका गेम से कोई लेना-देना नहीं है। आईएएनएस ने अभिनेत्री लव प्रीत गिल से एक और सवाल पूछा, आप बिग बॉस में पंजाबी एक्ट्रेस के तौर पर एंट्री करेंगी। शहनाज गिल से तुलना के बारे में आप क्या सोचती हैं? अभिनेत्री लवप्रीत गिल ने कहा, ÷वह मेरी सीनियर आर्टिस्ट हैं और मेरी खुद की अपनी पहचान है। मैंने भी इंडस्ट्री को कुछ साल दिए हैं। मैं पब्लिक से रिक्वेस्ट करती हूं कि वे समझें कि मेरा अपना नाम है। मेरे परिवार ने मुझे मेरी पहचान दी है। प्लीज मुझे भी प्यार दें और हमारी तुलना न करें। बिग बॉस-20 में जाने से पहले अभिनेत्री लवप्रीत का मुकाबला रिया अहीर से होगा। दरअसल, दोनों की एंट्री जनता की वोटिंग पर आधारित है। जनता जिसे ज्यादा वोट देगी उसी को बिग बॉस 20 के घर पर जाने का मौका मिलेगा।



हर्षवर्धन राणे ने जॉन अब्राहम और राम गोपाल वर्मा को बताया अपना गुरु, शेयर की खास तस्वीरें

अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने शिक्षक दिवस के अवसर पर उन लोगों को याद किया, जिन्होंने उन्हें एक बेहतर इंसान और इतने मुकाम तक पहुंचाने में मदद की। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करते हुए उन रिश्तों की झलक दिखाई जो उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने सफर के दौरान बनाए हैं। पहली तस्वीर में अभिनेता हर्षवर्धन राणे एक्टर-प्रोड्यूसर जॉन अब्राहम के साथ हैं। दोनों एक तस्वीर में एक गर्मजोशी भरा पल शेयर करते दिख रहे हैं। एक और तस्वीर में फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा एक कुर्सी पर बैठे हैं, जबकि तीसरी फोटो में हर्षवर्धन एक्टिंग कोच सौरभ सचदेवा के साथ पोज देते हुए दिख रहे हैं। तस्वीर शेयर कर अभिनेता ने लिखा, मेरे टीचर्स मेरे गॉडफादर के लिए। शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इसके बाद उन्होंने एक और लाइन लिखी, मैं उनसे सीख रहा हूं बस काम करते रहना। अभिनेता हर्षवर्धन राणे जॉन अब्राहम को अपना मेंटर मानते हैं। बताया जाता है कि हर्षवर्धन राणे की जॉन से पहली मुलाकात 2004 में हुई थी, जब एक डिलीवरी बॉय के तौर पर उन्होंने जॉन अब्राहम को एक हेलमेट डिलीवर किया था। सालों बाद दोनों अब साथ में फिल्म 'फोर्स-3' में नजर आएंगे। जॉन अब्राहम इस फिल्म में एक बार फिर अपने लोकप्रिय और दमदार किरदार एसीपी यशवर्धन सिंह के रूप में लौट रहे हैं, जबकि हर्षवर्धन इस फिल्म में खलनायक (विलेन) या उनके आमने-सामने की टक्कर वाले रोल में दिखाई देंगे। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा (आरजीवी) और अभिनेता हर्षवर्धन राणे के बीच का बॉन्ड सिनेमाई जूनून, आपसी सम्मान और एक बड़े क्रिएटिव बदलाव पर टिका है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'पुलिस कंपनी' को राम गोपाल वर्मा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो मुंबई एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक की जिंदगी पर आधारित एक क्राइम थ्रिलर है, जिसमें एक्टर पुलिस वाले का रोल करेंगे।

शूटिंग और फिजिकली मुश्किल रोल की तैयारी के साथ-साथ अभिनेता हर्षवर्धन राणे साइकोलॉजी (ऑनर्स) में बैचलर ऑफ आर्ट्स कर रहे हैं, जिसकी झलक वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दिखाते रहते हैं।



बिग बॉस सीजन 20 : काउबॉय लुक में नजर आए सलमान खान, पैपराजी को लगाई फटकार

अभिनेता सलमान खान लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग-बॉस-20' में होस्ट के तौर पर वापसी के लिए तैयार हैं, जिसके लिए अभिनेता ने शो की शूटिंग शुरू दी है। इस दौरान अभिनेता पैपराजी से थोड़ा नाराज नजर आए। शूटिंग के लिए अभिनेता ने काउबॉय लुक अपनाया हुआ था। शो में जाने से पहले उन्होंने पैपराजी को पोज दिए और स्टेज से दूरी बनाने का निर्देश भी दिया। हालांकि, उन्हें किस बात ने उकसाया यह अभी साफ नहीं है। सेट पर सलमान खान काउबॉय लुक में नजर आए। उन्होंने गहरे भूरे रंग की लेदर काउबॉय हैट, नेवी ब्लू टी-शर्ट और ऑलिव ग्रीन वेस्ट पहनी थी। इस लुक को उन्होंने डेनिम, सिल्वर बेल्ट और अपने ट्रेडमार्क फिरोजी ब्रेसलेट के साथ पूरा किया। सोलो पोज देने के बाद अभिनेता ने पैपराजी के कहने पर उनके साथ भी फोटो खिंचवाई। हालांकि अभिनेता पैपराजी पर भड़कते हुए भी नजर आए। उन्होंने यह कहते हुए सुना गया, यह मेरा काम नहीं है और मुझे कैमरे के आगे आने की कोई जरूरत नहीं है। क्लिप के आखिर में, जब पैपराजी उनसे पोज देने के लिए कहते रहे, तो एक्टर चिढ़े हुए दिखे और उन्होंने उसी कहा, फोटो, फोटो, फोटो।

बिग बॉस के नए सीजन की बात करें तो, यह हिंदी रियलिटी शो का 20वां एडिशन है, जिसमें सलमान होस्ट के तौर पर वापस आ रहे हैं। सीजन का प्रीमियर 6 सितंबर को होने वाला है। जिन लोगों को नहीं पता, सलमान 2010 में अमिताभ बच्चन की जगह सीजन 4 के होस्ट बनने के बाद से ही बिग बॉस का चेहरा रहे हैं। लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' के मुख्य और सबसे लंबे समय तक रहने वाले होस्ट सलमान खान हैं, जो आगामी सीजन 'बिग बॉस 20' को भी होस्ट कर रहे हैं। सलमान खान लगातार इस शो का मुख्य चेहरा बने हुए हैं, हालांकि बीच में संजय दत्त (सीजन 5), फराह खान (विशेषांक/स्पिन-ऑफ) ने भी साथ या आंशिक रूप से होस्ट किया है। बिग बॉस में कई प्रतियोगी (कंटेस्टेंट) एक विशेष रूप से बनाए गए घर में बिना किसी बाहरी संपर्क के एक साथ रहते हैं। घर के अंदर सभी गतिविधियां कैमरों की लगातार निगरानी में होती हैं।



CMYK

page 7_Layout 1 05-09-2026 14:46 Page 1

खड़गे 'शुद्धिकरण' मामले में भाजपा नेताओं पर एफआईआर, जांच के लिए उत्तराखंड भेजेगी कर्नाटक पुलिस

डेली आवाज भारती

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और पार्टी के अन्य सदस्यों के खिलाफ बेंगलुरु में दर्ज की गई एफआईआर को उत्तराखंड जांच के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। यह मामला एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खे गे की राज्य यात्रा के बाद एक सार्वजनिक मैदान में किए गए ÷शुद्धिकरण अनुष्ठान÷ से संबंधित है। पुलिस ने शनिवार को इस हालिया कदम के बारे में जानकारी दी।

आदिवासी कांग्रेस के अनुसूचित जनजाति विभाग प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष टी.आर. रामप्पा द्वारा दायर शिकायत के आधार पर विधान सौधा पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत में कहा गया है कि 8 अगस्त को खे गे द्वारा



नैनीताल जिले के रामलीला मैदान में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद वहां %शुद्धिकरण% नामक एक अनुष्ठान किया गया था। इसका उद्देश्य जातिवादी धारणा को व्यक्त करना था कि खड़गे की उपस्थिति के बाद वह स्थान ÷अपवित्र÷ हो गया था।

शिकायतकर्ता ने बताया कि खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं और अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं। शिकायत में महेंद्र भट्ट और भाजपा के अन्य पदाधिकारियों पर मीडिया बयानों के माध्यम से इस अनुष्ठान का बचाव और समर्थन करने का आरोप लगाया गया है। रामप्पा ने तर्क दिया कि ऐसे बयान जाति आधारित भेदभाव के कृत्य का सार्वजनिक रूप से समर्थन करने और उसे राजनीतिक स्वीकृति देने के बराबर हैं। 31 अगस्त को प्रस्तुत लिखित शिकायत पर कानूनी राय लेने के बाद बेंगलुरु पुलिस ने नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत जीरो एफआईआर दर्ज की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एफआईआर को घटनास्थल उत्तराखंड के संबंधित अधिकारियों को आगे की जांच के लिए शीघ्र ही भेज दिया जाएगा। जीरो एफआईआर के तहत कोई भी पुलिस स्टेशन क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र की परवाह किए बिना शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत दर्ज होने के बाद मामला उस पुलिस स्टेशन को स्थानांतरित कर दिया जाता है, जिसके अधिकार क्षेत्र में अपराध हुआ है। यह घटनाक्रम मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा जे.पी. नड्डा को पत्र लिखने के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने हल्द्वानी में शुद्धिकरण अनुष्ठान के संबंध में एफआईआर दर्ज न होने पर सवाल उठाए थे। खबरों के मुताबिक, मल्लिकार्जुन खे गे ने बताया कि घटना को हुए 24 दिन बीत चुके हैं और उन्होंने नड्डा के उस आश्वासन को याद किया कि उचित कार्रवाई की जाएगी। कर्नाटक पुलिस द्वारा जीरो एफआईआर दर्ज किए जाने से उत्तराखंड अधिकारियों के लिए मामले को अपने हाथ में लेने और आरोपों की जांच करने का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है।

दिल्ली में भारी बारिश से विमान सेवाएं प्रभावित, इंडिगो और एयर इंडिया ने जारी की एडवाइजरी

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली और आसपास के इलाकों में हुई भारी बारिश से विमान सेवाएं प्रभावित हो गई हैं और इंडिगो एवं एयर इंडिया समेत कई एयरलाइंस ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने कहा कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़ान संचालन में देरी हो सकती है। एयरलाइन ने यात्रियों से एयरपोर्ट के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति जांचने की अपील की। साथ ही यात्रियों को यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलने की सलाह दी, क्योंकि जलभराव और सड़कों पर धीमी आवाजाही से एयरपोर्ट पहुंचने में दिक्कत हो सकती है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने भी यात्रियों को चेतावनी दी कि खराब मौसम के



कारण दिल्ली से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि, आईजीआई एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी जीएमआर ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार एयरपोर्ट के आसपास खराब मौसम की संभावना है, लेकिन फिलहाल एयरपोर्ट का संचालन सामान्य रूप से जारी है। एयरपोर्ट संचालक ने कहा कि यात्रियों की आवाजाही सुचारु बनाए रखने के लिए उसकी ग्राउंड टीमें सभी संबंधित पक्षों के साथ समन्वय कर रही हैं। यात्रियों को उड़ान की ताजा जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी गई है। दिल्ली और आसपास के इलाकों, जिनमें नोएडा और गाजियाबाद भी शामिल हैं, में सुबह मध्यम बारिश हुई। इससे हाल की गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई जगहों पर जलभराव की स्थिति भी पैदा हो गई। पालम एयरपोर्ट टनल, गीता कॉलोनी, मंडी हाउस और सुब्रतो पार्क समेत कई इलाकों में जलभराव की सूचना मिली, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और सामान्य जनजीवन बाधित हुआ। बारिश के कारण दिल्ली का न्यूनतम तापमान गिरकर 24.8 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो पिछले दिन के मुकाबले 3.4 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार रात 11ः30 बजे से शनिवार सुबह 5ः30 बजे के बीच सफदरजंग में 0.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके बाद सुबह 8ः30 बजे तक अगले तीन घंटों में स्टेशन पर 1.3 मिलीमीटर और बारिश दर्ज हुई।

एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस से कथित धोखाधड़ी मामला : सुभाष चंद्र समेत अन्य के खिलाफ CBI ने दर्ज की एफआईआर



नई दिल्ली। एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (CBI) ने सुभाष चंद्र और अन्य लोगों के ख़िलाफ़ स्ह्रष्ट हाउसिंग फ़ाइनेंस लिमिटेड के साथ लगभग 1,322 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (LICHFL) की शिकायत पर सीबीआई ने आपराधिक साजिश, विश्वासघात से लेकर आपराधिक कदाचार की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

सांसद निधि के पैसे खर्च न होने पर कंगना रनौत नाराज, अधिकारियों को लगाई फटकार

डेली आवाज भारती

मंडी। मंडी की सांसद कंगना रनौत ने जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में विकास कार्यों और सांसद निधि के इस्तेमाल को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी जताई। सांसद निधि की राशि का अपेक्षित इस्तेमाल नहीं होने पर कंगना ने अधिकारियों से जवाब मांगा और सभी ब्लॉक्स को खड़ा कर दिया। बैठक के दौरान कंगना ने कहा कि सांसद का काम फंड उपलब्ध करवाना है, जबकि उस राशि को निर्धारित विकास कार्यों में खर्च करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बैठकें केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए न हों, बल्कि उनमें लिए गए फैसलों पर जमीन पर काम भी दिखाई देना चाहिए। कंगना ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि स्थिति 'इट बिकम ए ब्लडी जोक' जैसी हो गई है और वह इस मामले



में नेशनल मीडिया के सामने भी कुछ कह पाने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने पिछली दिशा बैठकों में दिए गए सुझावों और लिए गए फैसलों की प्रगति को लेकर भी अधिकारियों से सवाल किए।

11 करोड़ की राशि में आधा फंड अब भी खर्च नहीं : कंगना ने बताया कि सांसद निधि के करीब 11 करोड़ रुपये में से अभी भी आधी राशि का इस्तेमाल नहीं हो पाया है। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि फंड उपलब्ध होने के बावजूद विकास कार्यों में देरी क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ योजनाएं और सुझाव बनाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। जब तक योजनाओं को धरातल पर लागू नहीं किया जाता, तब तक वास्तविक समस्याओं की पहचान नहीं हो सकती।

जमीन, मंजूरी और ह्रह्रष्ट के कारण अटके काम : सांसद ने सरकारी योजनाओं और फंड के इस्तेमाल में आ रही रुकावटों की भी जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि कई मामलों में केंद्र से राशि मिलने के बाद भी काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। कुछ मामलों में जमीन की उपलब्धता, जबकि अन्य में मंजूरी और ह्रह्रष्ट के कारण काम अटके हुए हैं। कंगना ने अधिकारियों को ऐसे सभी मामलों की विस्तृत सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि हर लंबित काम की स्थिति स्पष्ट हो सके।

40 से 80 प्रतिशत तक हुए कामों की अलग-अलग सूची बनाने के निर्देश

कंगना ने कहा कि प्रत्येक विकास कार्य की प्रगति का स्पष्ट रिकॉर्ड तैयार किया जाए। उन्होंने 40, 50, 60 और 80 प्रतिशत तक पूरे हो चुके कार्यों की अलग-अलग सूची बनाने को कहा। साथ ही, अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए समयबद्ध योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से जिम्मेदारी तय करने पर भी जोर दिया। कंगना ने कहा कि केवल यह कह देना पर्याप्त नहीं है कि संबंधित व्यक्ति या एजेंसी से पैसा वापस लेने के लिए कहा गया है। जब तक राशि वास्तव में सरकारी खाते में वापस नहीं आती, तब तक कार्रवाई को पूरा नहीं माना जाना चाहिए।

लापरवाही मिली तो उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी रिपोर्ट

कंगना ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों पर पूरे देश की नजर है। ऐसे में किसी भी विभाग की लापरवाही से गलत संदेश नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के कामकाज की इसी तरह समीक्षा की जाएगी। जहां भी लापरवाही सामने आएगी, वहां जिम्मेदारी तय कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। सांसद ने लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा करने और सरकारी धन के प्रभावी इस्तेमाल पर विशेष जोर दिया।

कानून के अनुसार हुई सहारनपुर मस्जिद पर कार्रवाई, इसे राजनीतिक चश्मे से न देखें : सुधांशु त्रिवेदी

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सहारनपुर मस्जिद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई और झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) मामले को लेकर शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जहां तक सहारनपुर की घटना का सवाल है, एजेंसियां और सरकार के जो भी विभाग शामिल हैं, वे कानून के अनुसार कार्रवाई कर रहे हैं। इसलिए इसे राजनीतिक नजरिए से देखने की जरूरत नहीं है, न ही किसी इमारत को उसकी धार्मिक पहचान के नजरिए से देखने की जरूरत है। कोई भी ढांचा हो, उसे केवल इस नजरिए से देखना चाहिए कि वह कानूनी है या गैरकानूनी। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि झारखंड में जेपीएससी की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वो बहुत हैरान करने



वाले हैं और कांग्रेस नीत इंडिया ब्लॉक की छात्र हितों को लेकर असली हकीकत को बयां करते हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जांच में यह सामने आया है कि असिस्टेंट कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट और फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर की परीक्षा में स्ट्रॉन्ग रूम को तोड़कर प्रश्न पत्रों को निकाला गया और उसके अंदर बदलाव किया गया। अर्थात झारखंड में जो कुछ हुआ, ये पेपर लीक नहीं, बल्कि ये पेपर लूट है। उन्होंने सवाल किया कि ये लूट की छूट कौन दे रहा है, इसका जवाब राहुल गांधी को देना चाहिए।

शिक्षकों के सम्मान में योगी बोले 'ठेके पर नकल' वाले यूपी की बदली तस्वीर, शिक्षक बने परिवर्तन के वाहक

डेली आवाज भारती

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस के अवसर पर गोरखपुर में आयोजित समारोह में प्रदेश की बदली तस्वीर का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार ही किसी राष्ट्र को सशक्त बनाने की बुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल बच्चों को पढ़ाने का काम नहीं करता, बल्कि उन्हें राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठते थे और नकल तक ठेके पर होने की चर्चा होती थी। प्रदेश की पहचान को लेकर युवाओं और शिक्षकों को दूसरे राज्यों में भी संशय की नजर से देखा जाता था। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश में व्यवस्था बदली है और अब उत्तर प्रदेश के लोगों को बाहर सम्मान की नजर से देखा जाता है। इस बदलाव के वाहक प्रदेश के शिक्षक भी हैं। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था में आए बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि पहले प्रदेश में कर्फ्यू और दंगे आम बात माने जाते थे। उन्होंने जन्माष्टमी के आयोजन का उदाहरण देते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में पुलिस लाइनों, थानों, मोहल्लों और अन्य स्थानों पर



कार्यक्रम हुए, लेकिन कहीं से दंगे या उपद्रव की खबर नहीं आई। उन्होंने कहा कि जिस माहौल में पहले स्कूल-कॉलेज चलाना भी मुश्किल था, आज वहां सुरक्षित वातावरण में शिक्षा व्यवस्था आगे बढ़ रही है।

योगी ने कहा कि भारत आदिकाल से ही ज्ञान की उपासना करने वाला देश रहा है। समय के साथ ज्ञान की परंपरा के स्वरूप में बदलाव आया, लेकिन शिक्षा और संस्कार का महत्व हमेशा बना रहा। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तभी मजबूत और समर्थ बन सकता है, जब उसकी भावनाओं और मूल्यों के अनुरूप शिक्षा और संस्कार नई पीढ़ी को मिलें। यह जिम्मेदारी शिक्षक से बेहतर कोई नहीं निभा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में ज्ञान और गुरु परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। मां सरस्वती की आराधना से जुड़े वसंत पंचमी और गुरु पूर्णिमा जैसे पर्व इसी परंपरा के प्रतीक हैं। शिक्षक दिवस शिक्षकों को देश की इसी समृद्ध ज्ञान परंपरा से जुड़ने और नई पीढ़ी को उससे परिचित कराने का अवसर देता है। गोरखपुर के योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने प्रोटोकॉल से अलग हटकर सभी 81 सम्मानित शिक्षकों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया था कि केवल 10 शिक्षक मंच पर आएंगे, लेकिन वह जानते थे कि सम्मान पाने वाले शिक्षक प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लंबी दूरी तय करके यहां पहुंचे हैं। इसलिए सभी को मंच पर बुलाकर सम्मानित करना जरूरी समझा। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को संस्कारित करते हैं और इसके लिए उनका स्वयं संस्कारित होना भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों की मौजूदगी और उनका उत्साह इस समारोह को नई ऊर्जा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान वास्तव में उस परंपरा का सम्मान है, जो पीढ़ियों को ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध से जोड़ती है। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और उनमें राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश, कई इलाकों में सड़कों पर भरा पानी

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में शनिवार को भारी बारिश हुई, जिससे कई जगहों पर जलभराव हो गया, ट्रैफिक पर असर पड़ा और पूरी राजधानी में आम जनजीवन प्रभावित हुआ। कनॉट प्लेस में आउटर सर्कल के पास पानी जमा हो गया, जिसके बाद अधिकारियों को अतिरिक्त पानी निकालने के लिए पंप लगाने पड़े। दुकानदारों में भी चिंता बढ़ गई क्योंकि बारिश का पानी आस-पास की कई दुकानों में घुसने लगा था। ग्रेटर नोएडा और नोएडा के कुछ हिस्सों में भी भारी बारिश हुई, जबकि दिल्ली के कई इलाकों में भी अच्छी-खासी बारिश दर्ज की गई।

मंडी हाउस के पास गोल चक्कर पर जलभराव की खबर मिली, जिससे आने-जाने वालों को परेशानी हुई और ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ गई। तुगलकाबाद गांव की मुख्य सड़क पर भी ऐसे ही हालात दिखे, जहां जमा बारिश के पानी की वजह से गाड़ियों की आवाजाही में



रुकावट आई। राजधानी के कई अन्य हिस्सों में भी दिन भर जोरदार बारिश होती रही। शुक्रवार को दिल्ली में हुई भारी बारिश के एक दिन बाद फिर से बारिश हुई। इस बारिश ने शहर भर में जन्माष्टमी के जश्न में खलल डाला और कई श्रद्धालुओं को अचानक हुई बारिश से परेशानी का सामना करना पड़ा। 4 सितंबर की दोपहर को तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। शुक्रवार को दोपहर 3ः30 बजे से शाम 5 बजे के बीच सफदरजंग में हवा की रफ्तार लगभग 50 किमी/घंटा और पालम में 30 से 60 किमी/घंटा के बीच रही। शुक्रवार को सुबह 8ः30 बजे से शाम 5ः30 बजे के बीच पालम में 75.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि इसी दौरान सफदरजंग में 32.6 मिमी, लोधी रोड पर 34.6 मिमी और रिज इलाके में 20 मिमी बारिश हुई।

खराब मौसम का असर हवाई यातायात पर भी पड़ा। शुक्रवार को दोपहर 3ः30 बजे से 4ः30 बजे के बीच दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 9 उड़ानों का रास्ता बदलना पड़ा, क्योंकि भारी बारिश और आंधी-तूफान के कारण उड़ानों के संचालन में बाधा आई। मौजूदा मौसम की स्थिति पर कई वायुमंडलीय प्रणालियों का असर पड़ रहा है। उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र, मॉनसून ट्रफ और मौसम की अन्य प्रणालियां दिल्ली-एनसीआर में बारिश और आंधी-तूफान में सहायक हो रही हैं।

उत्तर-पूर्व राजस्थान से मणिपुर तक फैला एक ट्रफ और दक्षिण गुजरात से झारखंड तक फैला एक और ट्रफ भी इस इलाके पर असर डाल रहे हैं। वायुमंडल के बीच और ऊपरी स्तरों में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) ट्रफ के रूप में बना हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रविवार सितंबर को बारिश की गतिविधि में काफी कमी आने की उम्मीद है। सुबह से दोपहर तक कुछ जगहों पर हल्की या बहुत हल्की बारिश हो सकती है। 7 सितंबर से दिल्ली में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है और बारिश का कोई खास अनुमान नहीं है।

सर्किट हाउस परिसर में नमाज पढ़ना सपा नेता को पड़ा भारी, एफआईआर दर्ज

डेली आवाज भारती

मुरादाबाद। मुरादाबाद में सरकारी सर्किट हाउस परिसर में नमाज पढ़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान के खिलाफ मझौला थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 और 292 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच उपनिरीक्षक सौरभ कुमार को सौंपी है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली रोड स्थित सरकारी सर्किट हाउस परिसर में हाजी मोहम्मद उस्मान के नमाज पढ़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इसके बाद सर्किट हाउस प्रभारी एवं लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता की शिकायत पर मझौला थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। एफआईआर में घटना तीन सितंबर



2026 की बताई गई है, जबकि पुलिस को सूचना चार सितंबर की रात 10ः21 बजे प्राप्त हुई। हाजी मोहम्मद उस्मान बिलारी से सपा विधायक मोहम्मद फईम के चाचा बताए जाते हैं।

वह इससे पहले भी राजनीतिक बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान बिलारी में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की सभा के मंच से कथित आपत्तिजनक बयानबाजी को लेकर भी उनके खिलाफ आचार संहिता से जुड़ा मामला दर्ज होने का दावा किया जाता रहा है। हालांकि, मौजूदा मामले में पुलिस की कार्रवाई सर्किट हाउस परिसर में नमाज पढ़ने के वीडियो और शिकायत के आधार पर दर्ज एफआईआर पर केंद्रित है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि घटना 3 सितंबर की है।

उस दिन विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव मुरादाबाद के सर्किट हाउस पहुंचे थे, जहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी।

बाल विवाह के खिलाफ भारत की लड़ाई को यूएन का समर्थन, 27 नवंबर को 'अंतरराष्ट्रीय दिवस' घोषित किया

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। बाल विवाह के खिलाफ भारत की लड़ाई को वैश्विक स्तर पर बड़ी मान्यता मिली है। संयुक्त राष्ट्र ने 27 नवंबर को 'बाल, कम उम्र और जबरन विवाह को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' घोषित किया है। भारत के लिए यह तारीख खास तौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन 2024 में भारत सरकार ने 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की थी। 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन' (जेआरसी) के संस्थापक भुवन रिभु ने बाल विवाह को खत्म करने के लिए एक खास ग्लोबल डे मनाने की अंतरराष्ट्रीय मांग शुरू की थी। मार्च 2026 में संयुक्त राष्ट्र में अपने भाषण के दौरान भुवन रिभु ने अंतरराष्ट्रीय नेताओं की मौजूदगी में यूएन प्रस्ताव की मांग को फिर से दोहराया। इस दौरान अफ्रीकी देश सिएरा लियोन की फर्स्ट लेडी डॉ. फातिमा माडा बायो भी मौजूद थीं और उन्होंने इस पहल का समर्थन किया। इसके बाद, सिएरा लियोन ने भारत समेत लगभग 50 देशों के समर्थन से संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पेश करके इस कोशिश का नेतृत्व किया। इस प्रस्ताव में 27 नवंबर को बाल विवाह खत्म करने के लिए समर्पित एक अंतरराष्ट्रीय दिवस के तौर पर घोषित करने की मांग की गई थी। 4 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र ने यह प्रस्ताव पारित कर दिया। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन' के संस्थापक भुवन रिभु ने कहा, आज भारत बाल संरक्षण के मामले में विश्वगुरु है। भारत ने 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान सबसे पहले बच्चों और समुदायों ने शुरू किया था और जिसे बाद में सरकार का समर्थन और विस्तार मिला। अभियान के तहत 25 करोड़ से अधिक लोग एक साथ आए और 27 नवंबर 2024 को संकल्प लिया, वह आज दुनिया द्वारा स्वीकार किया गया एक अंतरराष्ट्रीय दिवस बन गया है। यह सभी भारतीयों के



लिए बहुत गर्व का क्षण है और मैं उन बच्चों, समुदाय के नेताओं, धर्मगुरुओं और विशेष रूप से अपने एनजीओ सहयोगियों को बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं जिनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने आज के दिन को संभव बनाया।

मैं विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में भारत सरकार का उनके निर्णायक नेतृत्व और प्रतिबद्धता के लिए उल्लेख और धन्यवाद करना चाहता हूं। दुनिया हमारी ओर देख रही है, और हमारा काम तो अभी शुरू ही हुआ है। उन्होंने आगे कहा, ÷आज का दिन एक अहम मोड़ है, जो दिखाता है कि बाल विवाह के अपराध का अंत निश्चित और जल्द होने वाला है। अब समय आ गया है कि दुनिया भर की सरकारें 2030 तक बाल विवाह को खत्म करने के लिए निर्णायक नेतृत्व करें और हर बच्चे की पूरी क्षमता को साकार करने के लिए उनकी शिक्षा, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करें। मैं सिएरा लियोन की फर्स्ट लेडी का इस मुहिम को आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व के लिए आभारी हूं और उन 67 देशों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमारे प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया। हाल के राष्ट्रीय आंकड़े भी बाल विवाह में कमी को दर्शाते हैं। 2019-21 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस- 5) के अनुसार, 20-24 वर्ष की आयु की 23.3 फीसदी लड़कियों की शादी 18 वर्ष की आयु से पहले हो गई थी, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 20.1 फीसदी था। भारत सरकार ने 2026 तक बाल विवाह के प्रचलन को 10 फीसदी तक कम करने का लक्ष्य रखा है। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर लगातार प्रयासों से उम्मीद है कि 2026 के अंत तक भारत में बाल विवाह का प्रचलन 15 फीसदी से नीचे आ जाएगा।

2030 तक बाल विवाह को खत्म करने की वैश्विक प्रतिबद्धता, सतत विकास लक्ष्य 5 (लैंगिक समानता) के लक्ष्य 5.3 के अनुरूप है, जो बाल विवाह, कम उम्र में विवाह और जबरन विवाह सहित सभी हानिकारक प्रथाओं को खत्म करने का आह्वान करता है। भारत ने अपनी कोशिशों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाया है। %बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान से प्रेरित होकर जेआरसी की कोशिशों से दिसंबर 2024 में 'बाल विवाह मुक्त नेपाल' अभियान शुरू किया गया। तब से यह आंदोलन 99 से अधिक देशों में फैल चुका है और 25 करोड़ से ज़्यादा लोगों ने इस दिशा में काम करने का संकल्प लिया है।

CMYK

page 8_Layout 1 05-09-2026 19:17 Page 1

सीनियर राज्य नेता शिरोमणि अकाली दल एवं समाज सेवी जतिंदर जिमी के साथ खास मुलाकात

पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, नीचे से ऊपर तक रिश्वतखोरी के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं : जतिंदर जिमी

डेली आवाज भारती

2022 में पंजाब में एक बड़ा बदलाव हुआ। लोगों को उम्मीद थी कि शायद अब पंजाब के हालात सुधरेंगे, लेकिन अब लोगों को ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा लगता है कि उनके साथ बहुत धोखा हुआ है। आम आदमी पार्टी ने सरकार बनाई और बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन उन वादों का क्या हाल है? यह सब हम देख रहे हैं। और इन सब चीज़ों के बावजूद, भविष्य में उनके साथ क्या हो सकता है? पंजाब में हालात कैसे सुधारे जा सकते हैं? हमारे साथ हैं सियासत के खिलाड़ी सीनियर अकाली नेता पंजाब एवं समाज सेवी जतिंदर जिमी बरनाला।

अब हम उनसे इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि आज का पंजाब 'रंगला पंजाब' नहीं, बल्कि 'विरोध-प्रदर्शन वाला पंजाब' बन गया है। सरकार से उम्मीदें रखने वाला हर व्यक्ति आज सड़कों पर है। डेली आवो भारती के साथ इस खास बातचीत के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। पंजाब के मौजूदा हालात किसी से छिपे नहीं हैं। लेकिन क्या यह वही पंजाब है जिसका वादा करके यह सरकार सत्ता में आई थी–सरदार भगत सिंह के आदर्शों वाला पंजाब–या असल में यह दिल्ली जैसा बन गया है?

हमने सबने वह मंज़र देखा। क्या वे लूटना चाहते थे या इसके पीछे कुछ और बात थी?

जतिंदर जिम्मी - एक बात तो यह है कि केजरीवाल साहब ने पंजाब से बहुत बड़े-बड़े वादे किए और बड़ी-बड़ी गारंटियां दीं। पंजाब को गुमराह करने के बाद, उन्होंने लूट-खसोट के अलावा कुछ नहीं किया। अगर आप उनके शुरुआती वीडियो देखें, तो उन्होंने कहा था कि हम रेत से 20 हज़ार करोड़ रुपये और माइनिंग से 30 हज़ार करोड़ रुपये कमाएंगे। उन्होंने कहा था कि रिश्वतखोरी रोककर हम साल के 50 हज़ार करोड़ रुपये बचाएंगे और लोगों को दी गई गारंटियां भी पूरी करेंगे।

हम सरकारी खजाने या कर्ज के पैसे का भी सही इस्तेमाल करेंगे। लेकिन आज अगर मैं आपको बताऊं, तो रेत से शायद सिर्फ़ 2.5 करोड़ रुपये ही आए हैं–यानी कुल मिलाकर 250-300 करोड़ रुपये आए हैं–जबकि 30 हज़ार करोड़ रुपये बचाने का लक्ष्य था। जो उदाहरण सामने आए हैं और विदेशों तक फैले हैं, उनसे पता चलता है कि निचले स्तर से लेकर ऊपर तक किस तरह का भ्रष्टाचार हो रहा है; इसीलिए आज कुल कर्ज 1 लाख 82 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा हो गया है। यह कर्ज बढ़कर लगभग 5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने वाला है। अगर आजादी से लेकर अब तर्क 2 लाख करोड़ का कर्ज था, तो अब 2 लाख करोड़ रुपये का कर्ज और बढ़ गया है – यानी इन पांच सालों में ही 2 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ जाएगा। आज़ादी के बाद 70 सालों में कुल कर्ज 2 लाख 82 हज़ार करोड़ रुपये था, जबकि इन पांच सालों में ही 2 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ रहा है। हाँ, इससे आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि पंजाब को हर तरफ़ से कैसे लूटा और बर्बाद किया जा रहा है, खासकर पंजाब के उन कर्मचारियों को, जो कभी हर मामले में नंबर वन हुआ करते थे। पंजाब के कर्मचारियों की सैलरी अच्छी थी, ष्ठ समय पर मिलता था, सब कुछ ठीक था। आज हालत यह है कि लगभग 15-16 हज़ार करोड़ का ष्ठ बकाया है, पाँचवें और छठे वेतन आयोग का लगभग 12,000 करोड़ बकाया है; माननीय हाई कोर्ट के फ़ैसलों के बावजूद आज कर्मचारी और पेंशनभोगी सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं और सरकार उनकी बात सुनने को भी तैयार नहीं है, देना तो दूर की बात है। जब भी हम पंजाब की बात करते हैं - चाहे वो मनरेगा के लोग हों, या वो रामजी जो आज इसका हिस्सा बने हैं और धरने पर बैठे हैं (जिनके नाम पर मोहल्ला क्लिनिक बनाने की बात हुई थी) - तो स्थिति साफ़ दिखती है। हालाँकि, आयुष्मान आरोग्य केंद्र केंद्र सरकार की योजना के पैसे से चल रहे हैं। चलिए उनके कर्मचारियों की बात करते हैं। शिक्षकों की बात करते हैं। प्रोफ़ेसरों की बात करते हैं। आज हालत यह है कि डॉक्टरों के 50त्न पद खाली हैं। उच्च शिक्षा में 50त्न पद खाली हैं। शिक्षकों के 31,000 पद, यानी लगभग 30त्न पद खाली हैं। ऐसे में हम कैसे कह सकते हैं कि हमारी शिक्षा नीति या हमारा स्वास्थ्य कार्यक्रम अच्छा है?

इस वजह से, हर तरफ़ के लोग परेशान हैं और 27 के चुनाव का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

सवालः क्या पंजाब के साथ कोई सोची-समझी धोखाधड़ी हो रही है? वे



कोर्ट में कहते हैं कि उनके पास पैसे नहीं हैं, और फिर विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, मुफ़्त बीज दिए जा रहे हैं।

जतिंदर जिम्मीः इन दो चीज़ों को देखिए– अगर आप पिछली सरकारों के विज्ञापनों को देखें, तो पिछले चुनावी साल में 60-70 करोड़ रुपये के विज्ञापन पर खर्च हुए थे, जबकि बाकी समय में औसतन 40-45 करोड़ रुपये खर्च होते थे, और अब, मुझे लगता है, यह आंकड़ा 700-800 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। मुझे लगता है कि यह भी जाँच का एक बहुत बड़ा विषय है। मैं आपको बताता हूँ, क्योंकि जो विज्ञापन यहाँ पंजाब में काम कर रहा है, उसका तमिलनाडु, बंगाल, गोवा या गुजरात में क्या काम है? इसीलिए यह बहुत बड़ा मामला है। एक और बात, मुझे लगता है कि पंजाब के लोगों के पैसे का बहुत बड़ा दुरुपयोग हो रहा है और जब समय आएगा, तो मुझे लगता है कि केजरीवाल को जवाब देना होगा।

सवालः कल पंजाब के मुख्यमंत्री ने पुलिस कॉन्स्टेबल की भर्ती के लिए नियुक्ति पत्र बांटे, तो उन्होंने दो लड़कियों को नियुक्ति पत्र दिए और मंच से घोषणा की कि उनकी सैलरी 80 हज़ार रुपये है, जबकि उन्होंने जो नोटिफिकेशन जारी किया था, उसमें सैलरी 19,900 रुपये के आसपास थी, क्या यह झूठ है? या इसके पीछे सच्चाई कुछ और है?

जतिंदर जिम्मीः मैं आपके माध्यम से मीडिया से अनुरोध करूँगा कि अगर आपने मुझे जो बताया है - मैंने नोटिफिकेशन नहीं पढ़ा है या आपका यह बयान नहीं सुना है - तो मैं आपको सच बता पाता। लेकिन अगर आप ऐसा कहते हैं, कि नोटिफिकेशन में 19 हज़ार रुपये है और वहाँ 80 हज़ार रुपये कहा जा रहा है, तो पंजाब का मीडिया क्या कर रहा है? उन्हें सरकार के पक्ष में नहीं होना चाहिए। सरकार ने पहले भी इस बारे में झूठ बोला था, और अब भी वही कर रही है। और मैं पंजाब के लोगों से एक गुज़ारिश करना चाहता हूँ। आज पंजाब में गैंगस्टरों की लड़ाई का माहौल है। पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। अगर हम आज ड्रग्स की समस्या की बात करें जो बहुत बढ़ गई है, तो यह मत कहिए कि हमने कोई अभियान चलाया था, बल्कि यह इसलिए बढ़ा है... नीचे से ऊपर तक रिश्वतखोरी के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं, और इतनी लापरवाही है कि लोग घरों से बाहर निकलने में भी डरते हैं।

एक आखिरी सवालः कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) का ज़िक्र आता है, जिसके बारे में यह भी कहा जा रहा है कि ये सब केजरीवाल करवा रहे हैं। दिल्ली में लोगों को लाइन में खड़ा किया गया, इसलिए इस्तीफ़े की माँग की जा रही है। और CJP पंजाब क्यों नहीं आ रही है?

जतिंदर जिम्मीः मैं जनता को इस बारे में थोड़ा बताऊंगा, वे भी कन्फ्यूज़ हैं, उनके लोग भी कन्फ्यूज़ हैं। मैं सभी युवाओं, हमारे बेटों और बेटियों से हाथ जोड़कर गुज़ारिश करूंगा कि जो नेता थे, उन्हें साफ़ पता था कि कोई दूसरी पार्टी कैसे जा सकती है; केजरीवाल साहब अकेले वहां घूम रहे थे और इसमें कोई शक नहीं है। हालांकि, मुझे लगता है कि तमिलनाडु में जहां कांग्रेस की सरकार थी, वहां न तो कोई विरोध प्रदर्शन हुआ और न ही पंजाब में बीजेपी सरकार या बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकारें गईं, लेकिन मुझे लगता है कि भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा दिल दिखाया और युवाओं की मांग पूरी की। और यहां भी, जिनके 10वीं-12वीं के पेपर लीक हुए या कहीं कुछ हुआ, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कहीं भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सरकार जो भी काम करें, देश के हित में करें। पहले देश को रखें, फिर पार्टी को और तीसरे नंबर पर व्यक्ति को। और मैं युवाओं से इसे समझने की गुज़ारिश करता हूँ। अगर कोई कमी है - जैसा कि वे पहले भी इकट्ठा होकर सरकार से कमियों को सुधारने के लिए कह चुके हैं और सरकार ने उसे माना भी है - तो भविष्य में भी युवाओं के सुझावों पर ही काम होगा। हम आगे क्यों न बढ़ें और देश को आगे ले जाने के लिए सब कुछ क्यों न करें?

सवालः यहाँ, पंजाब के मुख्यमंत्री और उनके परिवार पर आरोप लग रहे हैं। क्या केंद्र सरकार इस बारे में कोई पहल कर रही है? जाँच की बात करें तो उनकी पत्नी पर पाँच करोड़ रुपये का आरोप लग रहा है, उनकी बहन पर महंगे तोहफ़े लेने का आरोप लग रहा है।

जतिंदर जिम्मीः देखिए, एक बात तो यह है कि भ्रष्टाचार के मामले में श्वष्ठ के जो पत्र सामने आए थे, वे ष्ठत्रक्कको भेजे गए थे। जहाँ तक मुझे पता है, शायद एक पत्र मीडिया में छपा था, लेकिन उससे पहले लिखे गए दो अन्य पत्र नहीं छपे थे। उनके बारे में तीन पत्र सामने आए हैं। चाहे उनके बारे में हो या ऐसे गंभीर आरोपों के बारे में जो लगाए गए हैं, मामला हाई कोर्ट तक भी पहुँचा है। मुझे लगता है कि आने वाले दिनों में हमारी एजेंसियाँ मामले की तह तक जाएँगी और जो भी दोषी होगा... मुझे लगता है कि कोई भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो, अगर कोई ऐसा व्यक्ति पाया जाता है। मुझे लगता है कि कानून अपना काम करेगा। बिल्कुल, हर कोई पकड़ा जाएगा। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। सरकार ने जो नीति घोषित की है, उस पर कितना काम हुआ है, यह तो समय ही बताएगा। पंजाब के लोग बहुत समझदार और सूझबूझ वाले हैं। हमें सोच-समझकर ही कोई फ़ैसला लेना चाहिए। इसलिए सही फ़ैसला लेने के लिए तैयार रहें।

7 सितंबर को जिला रोज़गार और व्यापार ब्यूरो में प्लेसमेंट कैंप

■ सैफ़रॉन सन सिक्योरिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड अलग-अलग पदों के लिए भर्ती करेगी

डेली आवाज भारती

बरनाला। बरनाला के डिप्टी कमिश्नर श्री हरप्रीत सिंह के नेतृत्व और दिशा-निर्देशों के तहत, बरनाला ज़िले के बेरोज़गार युवाओं को ज़्यादा से ज़्यादा रोज़गार के अवसर देने के मकसद से, ज़िला रोज़गार और व्यापार ब्यूरो बरनाला की ओर से सोमवार, 7 सितंबर 2026 को एक बड़ा प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 1ः00 बजे तक ज़िला रोज़गार और व्यापार ब्यूरो, दूसरी मंज़िल, डी.सी. कॉम्प्लेक्स, बरनाला में आयोजित किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैंप में जानी-मानी कंपनी %सैफ़रॉन सन सिक्योरिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड% शामिल होगी और युवाओं को अलग-अलग पदों के लिए चुना जाएगा।

कंपनी ने इन पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया है– सिक्योरिटी गार्ड (उम्र 25 से 45 साल, लड़के और लड़कियाँ, योग्यता 10वीं पास), गन मैन (उम्र 30+ साल, सिर्फ़ लड़के, योग्यता 10वीं पास), कंप्यूटर ऑपरेटर (उम्र 22+ साल, लड़के और लड़कियाँ, योग्यता ग्रेजुएशन), सुपरवाइज़र (उम्र 30+ साल, सिर्फ़ लड़के, योग्यता 12वीं पास), हाउसकीपिंग/कुक (उम्र 30+ साल, लड़के और लड़कियाँ, योग्यता 10वीं पास), हेल्पर (उम्र 25+ साल, लड़के और लड़कियाँ, योग्यता 10वीं पास) और इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, मैकेनिकल (उम्र 30+ साल, सिर्फ़ लड़के, योग्यता 12वीं पास)।

गांव भट्ठल में 12.39 लाख रुपये की लागत से बने खेल मैदान का ग्रामीणों को समर्पण

सांसद मीत हेयर ने किया उद्घाटन, युवाओं को खेलों से जोड़ना पंजाब सरकार की मुख्य प्राथमिकता

डेली आवाज भारती

बरनाला। सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने गांव भट्ठल में 12.39 लाख रुपये की लागत से तैयार किए गए खेल मैदान का उद्घाटन कर इसे ग्रामीणों को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य में खेल संस्कृति को और मजबूत करने तथा युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए 3100 खेल मैदान तैयार करवा रही है। इस अवसर पर उन्होंने 'स्पोर्ट्स होमलैंड पंजाब' का क्यूआर कोड भी जारी किया। इस क्यूआर कोड को स्कैन करके खिलाड़ी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन खेल मैदानों के दूसरे चरण के तहत गांवों में तैयार किए जा रहे खेल मैदानों को लोगों को समर्पित किया जा रहा





है, ताकि ग्रामीण स्तर पर युवाओं को खेलों के लिए बेहतर से बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। मीत हेयर ने बताया कि गांव भट्ठल के इस खेल मैदान में वॉलीबॉल और फुटबॉल खेलने के लिए मैदान के अलावा बच्चों के लिए झूले, युवाओं के लिए जिम तथा अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसी सुविधाएं युवाओं को नशे से दूर रखने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित करने में सहायक साबित होंगी। उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्र में पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उद्देश्य गांव स्तर से खिलाड़ियों की प्रतिभा को सामने लाना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इन खेल सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने बच्चों तथा युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर मार्केट कमेटी धनौला के चेयरमैन गुरजोत सिंह भट्ठल, जिला ट्रेड कमीशन के चेयरमैन राजीव लूबी, जिला खेल अधिकारी रूपेश कुमार सहित गांव की पंचायत और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

'नशे के खिलाफ वॉकाथॉन' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक, यू.टी. चंडीगढ़, श्री गुलाब चंद कटारिया ने आज सुखना लेक पर 'नशे के खिलाफ वॉकाथॉन' (Walkathon Against Addiction) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशे से बचाने और चंडीगढ़ को एक स्वस्थ व नशामुक्त शहर बनाने के लिए प्रशासन और नागरिकों के संयुक्त व निरंतर प्रयासों का आह्वान किया। यह वॉकाथॉन चंडीगढ़ प्रशासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा %नशा मुक्त भारत अभियान% के तहत आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर प्रशासक के साथ गृह सचिव श्री मनदीप सिंह बराड़; वित्त सचिव श्री दिप्रवा लाकड़ा; समाज कल्याण सचिव श्री हरप्रीत सिंह सूदन; मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव वार्डन श्री सौरभ कुमार; तथा समाज कल्याण निदेशक श्री नवीन रत्तू उपस्थित रहे। प्रशासक ने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए सरकार, परिवारों, समुदायों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं के बीच अधिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया और युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा सकारात्मक विकल्प चुनने का आग्रह किया। कार्यक्रम की शुरुआत 'नशा मुक्त भारत प्रतिज्ञा' के साथ हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और चंडीगढ़ को एक सुरक्षित व स्वस्थ शहर बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण चंडीगढ़ की खेल हस्तियों को उनकी उपलब्धियों तथा युवाओं के लिए सकारात्मक रोल मॉडल बनने के लिए सम्मानित करना रहा।

मेरा सपना पंजाब को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाना है : भगवंत सिंह मान

मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस पर पंजाब के 50 शिक्षकों को किया सम्मानित

डेली आवाज भारती

मोहाली। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि उनकी सरकार के शिक्षा सुधारों ने पंजाब के सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में पंजाब शिक्षा के क्षेत्र में 27वें स्थान पर था, जो अब प्राथमिक शिक्षा में पहले नंबर पर पहुंच गया है। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने के सरकार के दृष्टिकोण की भी घोषणा की।

मोहाली में शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षकों के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण, 118 'स्कूल्स ऑफ एमिनेंस', 16,348 स्कूलों में वाई-फाई सुविधा, 'बिजनेस ब्लास्टर्स' और पी.टी.एम. के माध्यम से अभिभावकों की अधिक भागीदारी को इस बदलाव के मुख्य कारण बताया, जबकि 50 शिक्षकों को उनकी शानदार सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया। एक्स पर कुछ झलकियां साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷आज शिक्षक दिवस के अवसर पर



मोहाली में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और शानदार सेवाएं निभाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। शिक्षा क्षेत्र को बुलंदियों पर ले जाना हमारी मुख्य प्राथमिकता है। शिक्षकों के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण, 118 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' की स्थापना और 16,348 स्कूलों में वाई-फाई सुविधा प्रदान करना इस दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं।

मोहाली में राज्य स्तरीय समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, मेरा सपना पंजाब को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाना है। शिक्षा क्षेत्र में हमारी सरकार द्वारा उठाए गए क्रांतिकारी कदमों के कारण वह दिन दूर नहीं, जब दुनिया भर से शिक्षक प्रशिक्षण लेने के लिए पंजाब आएंगे। सम्मान समारोह के दौरान पंजाब के शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कुल 50 शिक्षकों (जिनमें 21 प्राथमिक और 29 माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं) ने स्टेट अवॉर्ड प्राप्त किए, जबकि 10 शिक्षकों (4 प्राथमिक और 6 माध्यमिक) को 'यंग टीचर अवॉर्ड' मिले। 4 शिक्षकों को विशेष शिक्षक पुरस्कार, 6 को प्रशासनिक पुरस्कार और 5 पुरस्कार शिक्षा मंत्री द्वारा नामित शिक्षकों को दिए गए।

राज्यपाल कटारिया ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित; शिक्षकों को बताया 'मौन राष्ट्र-निर्माता'

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ प्रशासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विशेष शिक्षक दिवस समारोह में शिक्षा और राष्ट्र-निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण करते हुए प्रशासक ने कहा कि शिक्षक दिवस व्यक्तियों, समाज और राष्ट्र को गढ़ने में शिक्षकों के अमूल्य योगदान के प्रति एक श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर शिक्षा सचिव सुश्री प्रेरणा पुरी, निदेशक स्कूल शिक्षा नितीश सिंगला, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, पुरस्कार विजेता, विद्यार्थी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए समर्पण, नवाचार और योगदान के सम्मान स्वरूप कुल 16 शिक्षकों को राज्य पुरस्कार और 6 शिक्षकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 44 की प्रधानाचार्य सुश्री मोनिका चावला और रमेश शर्मा को विशेष सम्मान





पुरस्कार प्राप्त हुआ, वहीं पिछले वर्ष की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुश्री परवीन कुमारी को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट और निरंतर योगदान के लिए चंडीगढ़ प्रशासन के स्कूल शिक्षा विभाग की उप निदेशक सुश्री बिंदु अरोड़ा को 'लाइफटाइम कंट्रीब्यूशन टू स्कूल एजुकेशन अवार्ड' (स्कूली शिक्षा में आजीवन योगदान पुरस्कार) से नवाजा गया। गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल, मलोया कॉलोनी, चंडीगढ़ के प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (विज्ञान) श्री रवि कुमार जायसवाल को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए चुना गया। विज्ञान शिक्षा के प्रति उनके अभिनव दृष्टिकोण के लिए उन्हें सराहा गया; उन्होंने विद्यार्थियों के लिए शिक्षण को अधिक रोचक और अनुभवात्मक बनाने हेतु अनुपयोगी (कबाड़) सामग्री का उपयोग करके एक 3डी डोम थिएटर तैयार किया है। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री कटारिया ने शिक्षकों को ÷मौन राष्ट्र-निर्माता÷ बताया और कहा कि उनकी भूमिका केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करने से कहीं अधिक विस्तृत है। गुरु वशिष्ठ और आचार्य चाणक्य का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक सच्चा शिक्षक चरित्र का निर्माण करता है, संस्कार रोपण करता है और विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करता है। प्रशासक ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करना होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से कौशल-आधारित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया, जिससे विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच (क्रिटिकल थिंकिंग), रचनात्मकता, समस्या-समाधान की क्षमता, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का विकास हो सके। कटारिया ने व्यक्तियों और संस्थाओं के निर्माण में शिक्षकों की आधारभूत भूमिका पर जोर देते हुए कहा, शिक्षक जीवन को रूपांतरित करता है। हर डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, प्रशासक, उद्यमी और पेशेवर को जीवन के किसी न किसी मोड़ पर एक शिक्षक ने ही तराशा होता है। स्कूल शिक्षा विभाग ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार, तकनीक-सक्षम शिक्षण और विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जिसमें शिक्षक एक प्रगतिशील, सक्षम और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते रहेंगे।

CMYK